डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार



हिन्दी साप्ताहिक     संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-45 | प्रयागराज, रविवार 06 नवंबर 2022 से शनिवार 12 नवम्बर 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्य: 3 रूपये

सिनेमाः प्रियंका चोपड़ाने अमेरिका से भारत लौटने के बाद लिया घर के खाने का जमकर मजा..8)

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वोत्तर में मीडिया शिक्षण को बढ़ावा देगा आईआईएमसी का आइजल कैंपस राष्ट्रपति मुर्मु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मिजोरम में भारतीय जन संचार संस्थान (आइआइएमसी) के स्थायी आइजल कैंपस का उद्घाटन किया। इस परिसर में लघु अवधि के मीडिया और संचार पाठ्यक्रमों के अलावा अंग्रेजी पत्रकारिता एवं डिजिटल मीडिया में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय जन संचार संस्थान का यह स्थायी परिसर पूर्वोत्तर में मीडिया और जनसंचार क्षेत्र में शिक्षण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देगा उन्होंने कहा कि



आइआइएमसी मीडिया एवं जनसंचार के क्षेत्र में नए प्रयोगों को बढ़ावा देता है। नई दिल्ली में मुख्य परिसर के साथ, आइआइएमसी के ओडिशा में ढेंकनाल, मिजोरम में आइजल, जम्मू-कश्मीर में जम्मू, केरल में कोट्टायम और महाराष्ट्र में अमरावती में पांच क्षेत्रीय परिसर हैं। आइआइएमसी के पूवोत्तर परिसर ने 2011 में मिजोरम यूनिवर्सिटी द्वारा उपलब्ध कराई गई इमारत से काम करना शुरू किया था। नवनिर्मित परिसर के लिए निर्माण कार्य 2015 में शुरू हुआ और यह 2019 में पूरा हुआ। इसकी कुल लागत 25 करोड़ रुपये है। आठ एकड़ भूमि पर बने इस कैंपस में छात्रावास व स्टाफ क्वार्टर के साथ अलग-अलग प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत आइआइएमसी प्रमुख पत्रकारिता संस्थान है। 1965 में इसकी स्थापना भारत और अन्य विकासशील देशों में मीडिया पेशेवरों की प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए की गई थी।

## भारत की जासूसी के मकसद से हिंद महासागर में घुसा चीन का स्पाई शिप 6

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** चीन भारत पर नजर रखने के लिए हर तरीके के इस्तेमाल कर रहा है। भारत की जासूसी करने के लिए ही चीन ने पिछले माह अपने भारत इस तरह के जहाजों से बचने की कोशिश करता है। चीन के जिस स्पाई शिप की जानकारी अब सामने आई है वो इंडोनेशिया के करीब बताया गया है। इसका नाम युआन वांग 6 ताजा पाजीशन समुद्र में 09 01′ 57.6 , 115 34′ 50.9 पर बताई गई है। इससे पहले सितंबर में जिस स्पाई शिप युआन वांग 5 ने हंबनटोटा पर लंगर डाला था वो श्रीलंका के बंदरगाह



एक स्पाई शिप को श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर भेजा था, हालांकि ये शिप जल्द ही यहां से चला गया था। अब चीन ने एक बार फिर इसी श्रेणी के एक और जहाज को इंडोनेशिया के आसपास खड़ा किया है। इसका मकसद केवल भारत की जासूसी करना है। आपको बता दें कि इस तरह के जहाज दूसरे देशों के युद्धपोतों, समुद्र की गहराइयों में गश्त लगा रही सबमरीन और टेस्टिंग के लिए दागी जाने वाली मिसाइलों का पता लगाने में काफी मददगार साबित होते हैं। यही वजह है कि है। मरीन ट्रैफिक से मिली जानकारी के मुताबिक ये स्पाई शिप शुक्रवार 4 नवंबर 2022 को इंडोनेशिया के करीब था और 12.6 नाट की स्पीड से आगे बढ़ रहा था। मरीन ट्रैफिक की जानकारी के मुताबिक ये स्पाई शिप 21 अक्टूबर को झियांगयिन से चला है। इसके आगे की डेस्टिनेशन के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। । मरीन ट्रैफिक से मिली जानकारी के मुताबिक ये एक रिसर्च वैसल है। इसका निर्माण 14 वर्ष पहले 2008 में किया गया था। ये करीब 222 मीटर लंबा और 25 मीटर चौड़ा है। इसकी से वापस झियांगयिन ही गया था। वांग 6 पर वांग 5 की ही तरह बड़े बड़े राडार और एंटीना लगे हुए हैं। इसको खासतौर पर मिसाइल परीक्षणों की जानकारी और सैटेलाइट गतिविधियों की जानकारी हासिल करने के लिए ही डिजाइन किया गया है। इस जहाज का वजन करीब 22 हजार टन से अधिक है। चीन का ये स्पाई शिप हाईटैक सर्विलांस सिस्टम के अलावा इलेक्ट्रानिक स्नूपिंग करने वाले सैंसर से लैस है। ये जहाज बैलेस्टिक मिसाइलों को ट्रैक कर सकता है और दूसरी गतिविधियों के बारे में भी पता लगा सकता है।

## हैदराबाद बीदर में बड़ा सड़क हादसा ऑटो रिक्शा और ट्रक की भीषण टक्कर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**हैदराबाद ।** इसी साल 15 अगस्त को बीदर में ही एक बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें हैदराबाद-मुबंई राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांगुर चेक पोस्ट के पास 5 लोगों की मौत हो गई थी और 4 घायल हुए थे। जिनकी मौत हुई सभी एक ही परिवार के थे। वहीं कार चालक ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया था। सभी हैदराबाद के शहर बेगमपेट के रहने वाले थे। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित जिस कार में यात्रा कर रहे थे वह एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई थी। इससे पहले एक अन्य मामले में कर्नाटक के हासन जिले में 16 अक्टूबर की देर रात एक टेंपो यात्री वाहन और केएमएफ दूध वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में सात लोग सालापुरा गांव के और दो डोद्दीहल्ली गांव के थे चित्रदुर्ग में एक कार के सड़क के डिवाइडर से टकरा जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा टूरिस्ट गेस्ट हाउस के पास हुआ।यातायात पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। चित्रदुर्ग ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, इस हादसे में मरने वाले तीन लोगों में से दो मेदेहल्ली के थे जबकि तीसरा बेंगलुरु का रहने वाला था। मामले की जांच की जा रही है।



## जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए विकसित देशों से मदद मांगेगा भारत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए भारत विकसित देशों से मदद मांगेगा। काप-27 (कान्फ्रेंस आफ पार्टीज- 27) की बैठक से पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत विकासशील देशों के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की मांग भी नवंबर तक होने जा रही काप-27 बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और 100 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों के भाग लेने की उम्मीद है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी इसमें शामिल होंगे या नहीं। छह से 18 नवंबर के बीच मिस्र के शर्म अल-शेख में 27वां



विकसित देशों से करेगा ताकि इन देशों को जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में मदद मिल सके। भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत वह उन कुछ देशों में से एक है, जिसने पेरिस में निर्धारित 2015 के लक्ष्यों को पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाइफ मिशन के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, काप-27 में वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और क्षमता निर्माण के मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। यह हमारा समग्र दृष्टिकोण है। बता दें कि मिस्त्र में 6 से 18 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन आयोजित होना है। इसका उद्देश्य जलवायु आपदा की ओर ध्यान आकृष्ट करना और जलवायु परिवर्तन को रोकने की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बढ़ते वैश्विक तापमान, बेमौसम बाढ़ एवं सूखा, पानी की कमी, पैदावार में गिरावट, खाद्य असुरक्षा और जैव वैविधता का ह्रास, प्रदूषण और बढ़ती गरीबी तथा विस्थापन से जूझती दुनिया एकजुट होकर मानवता की रक्षा के निमित्त धरती की सुरक्षा के लिए एकजुटता दिखाएगी।

## केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी भाषाओं को महत्व दिया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी भाषाओं को महत्व दिया गया है। यही वजह है कि वाराणसी में एक महीने तक चलने वाले 'काशी- समझेंगे। आठ दिवसीय अपनी यात्रा में ये लोग श्री काशी विश्वनाथ धाम समेत वाराणसी के विभिन्न दर्शनीय स्थलों का दौरा करेंगे। इसके बाद वे प्रयागराज और अयोध्या भी



तमिल समागम' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत तमिलनाडु से करीब 25,00 लोग काशी की संस्कृति और महत्व को समझने के लिए यहां आएंगे।। यह बात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वाराणसी में कही। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि काशी-तमिल समागम में तमिलनाडु के तीन शहरों रामेश्वरम, कोयंबटूर और चेन्नई से 12 समूहों में 2,500 लोगों को काशी आमंत्रित किया गया है। इनमें छात्र, शिक्षक, साहित्यकार , उद्यमी, कारीगर, पुरातत्वविद और कला, संगीत, नृत्य, नाटक, योग और आयुर्वेद से जुड़े लोग शामिल हैं। प्रयागराज और अयोध्या का भी करेंगे दौर महीने भर चलने वाले इस आयोजन में तमिलनाडु के लोग काशी की संस्कृति और उसके महत्व को जाएंगे।धर्मेंद्र प्रधान ने 17 नवंबर से 18 दिसंबर तक अपने विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे काशी-तमिल समागम की चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि एक माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की इन दो प्राचीन अभिव्यक्तियों के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञों के बीच अकादमिक आदान-प्रदान, सेमिनार, चर्चा आदि का आयोजन किया जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि काशी-तमिल समागम का उद्देश्य ज्ञान और संस्कृति की दो परंपराओं को करीब लाना, साझा विरासत की समझ का निर्माण करना और इन लोगों से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करना है।

## आरआरएस ने तमिलनाडु में 6 नवंबर के कार्यक्रम को किया स्थगित, 50 में से 44 जगहों पर मार्च निकालने की मिली इजाजत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चेन्नई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने छह नवंबर को होने वाले अपने निर्धारित मार्च और अन्य कार्यक्रमों को स्थगित करने और मद्रास उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील करने का फैसला किया है जिसमें शर्तों के साथ कार्यक्रमों की अनुमति दी गई है संघ के एक सूत्र ने शनिवार को पुष्टि की कि संगठन ने रूट मार्च और जनसभाओं को स्थगित करने का फैसला किया है, जिन्हें उच्च न्यायालय ने पूरे तमिलनाडु में 44 स्थानों पर आयोजित करने की अनुमति दी थी, जबकि आरएसएस 50 जगहों पर चाहता था।तमिलनाडु के परमीशन ना मिलने पर आरएसएस ने मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था। पुलिस ने महज तीन जगहों पर मार्च करने की अनुमति दी थी बाकी 23 जगहों में जनसभा करने की उम्मीद तभी दी जाएगी जब इनडोर सभाएं स्टेडियम के अंदर करने का वादा किया जाएगा। फिलहाल आरएसएस की मद्रास कोर्ट में अपील के बाद शुक्रवार



को बड़ी राहत मिली और 50 में से 44 स्थानों पर रूट मार्च करने की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को परमीशन दे दी। न्यायमूर्ति जी के इलांथिरैयन की एकल पीठ ने शुक्रवार को आरएसएस को कुछ शर्तों के साथ तमिलनाडु में छह नवंबर को रूट मार्च निकालने और 44 स्थानों पर जनसभाएं करने की अनुमति दी थी। उनमें से एक ने निर्धारित किया कि जुलूस और जनसभाएं मैदान या स्टेडियम जैसे परिसर में आयोजित की जानी चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि छह स्थानों पर रैली की अनुमति नहीं दी जा सकती जहां स्थिति अनुकूल नहीं है - कोयंबटूर, मेट्टुपालयम और पोलाची; तिरुपुर जिले में पल्लादम, कन्याकुमारी में अरुमानई और नागरकोइल आरएसएस ने 50 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अदालत की मंजूरी मांगी थी। अन्य बातों के अलावा, न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी कार्यक्रम के दौरान न तो गीत गाएगा और न ही किसी व्यक्ति, जाति और धर्म के बारे में बुरा बोलेगा। वे किसी भी कारण से केंद्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित संगठनों के पक्ष में कुछ भी बात या व्यक्त नहीं करेंगे। उन्हें देश की संप्रभुता और अखंडता को भंग करने वाले किसी भी कार्य में शामिल नहीं होना चाहिए।प्रतिभागी कोई लाठी, लाठी या हथियार नहीं लाएंगे जिससे किसी को चोट लग सकती है।

## पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं पर पुरी का केजरीवाल पर तंज- प्रदूषण रोकना चुनी हुई सरकार की जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब सरकार को राज्य में पराली जलाने के मामलों को कम करने के लिए जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। कुछ जिम्मेदारियां हैं, जो चुनी हुई सरकार को निभानी होती है' पुरी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण पर कहा, 'प्रदूषण हर जगह एक मुद्दा है। कुछ जिम्मेदारियां हैं जो एक चुनी हुई सरकार को निभानी होती हैं। वे पंजाब में भी हैं, पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं को देखें।'इस बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति में सुधार होने तक शनिवार से दिल्ली के सभी प्राथमिक स्कूलों को बंद करने की घोषणा की। स्मॉग की भीषण स्थिति ने दिल्ली सरकार को अपने आधे कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने के लिए भी मजबूर कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गुणवत्ता शनिवार को लगातार तीसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार दिल्ली में (गंभीर) श्रेणी में है, एयरपोर्ट क्षेत्र में (गंभीर) श्रेणी में, गुरुग्राम में (गंभीर) श्रेणी में और नोएडा में (गंभीर) श्रेणी में है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गंभीर



धुंध की जांच के लिए कदम उठाने के लिए आगे आना चाहिए। दिल्ली, चरखी दादरी, जींद, मानेसर, फरीदाबाद समेत तमाम जगहों पर हालत बेहद गंभीर है। इसके लिए आप जिम्मेदार नहीं है। किसी राज्य की हवा केवल उस राज्य में नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि केंद्र को इस संबंध में कदम उठाना चाहिए। दिल्ली और पंजाब के सीएम के मुताबिक, 'आप' सरकारें प्रदूषण के लिए पूरी तरह जिम्मेदार नहीं हैं। भगवंत मान ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ छह महीने पहले अस्तित्व में आई थी और प्रदूषण को रोकने के लिए यह अपर्याप्त समय है। इसके बावजूद, हमारी सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए बहुत काम किया है। हमें कुछ उपायों में सफलता मिली और अन्य प्रयासों में सफलता नहीं मिली। पराली जलने में काफी कमी आएगी।

## कोरोना की उत्पत्ति का सुलझे रहस्य, महामारी से अब तक 60 लाख से ज्यादा लोगों की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के करीब तीन साल बीत जाने के बाद यह बहस जारी है कि यह आखिर आई कहां से? यह कोई प्राकृतिक प्रकोप है या मानव-निर्मित आपद महामारी के शुरुआती दौर में इसके स्रोत पर काफी चर्चा हुई। तब कहा गया कि यह समय कोविड से सबको एकजुट होकर लड़ने का है, न कि आरोप-प्रत्यारोप और विवाद का। इस वजह से यह बहस धीमी पड़ गई और ठीक से जांच नहीं की जा सकी। अब वे सवाल दोबारा उठाए जा रहे हैं। वजह है अमेरिकी सीनेट की स्वास्थ्य समिति की रिपोर्ट में कोरोना वायरस के चीनी प्रयोगशाला से लीक होने का दावा। रिपोर्ट को उन विज्ञानियों ने तैयार किया गया है, जिन्होंने कोरोना वायरस के जीनोम में जेनेटिक इंजीनियरिंग या असामान्य जीनोम सीक्वेंस के साक्ष्य मिलने का दावा किया है। हालांकि, अभी भी तमाम विज्ञानी मानते हैं कि यह वायरस चीन के वुहान स्थित वेट मार्केट में जानवरों से इंसानों में फैला था। अमेरिकी सीनेट




द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में वायरस की लैब उत्पत्ति को लेकर कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसलिए कई विशेषज्ञ इस पर सवाल उठा रहे हैं। चूंकि वुहान इंस्टीट्यूट आफ वायरोलाजी के नजदीक ही इस वायरस के शुरुआती संक्रमण फैले थे, इसलिए यह संदेह अभी भी कायम है कि कोरोना इसी प्रयोगशाला से लीक हुआ होगा। फरवरी और मार्च 2020 में दो प्रतिष्ठित साइंस जर्नलों लैंसेट और नेचर मेडिसिन में प्रकाशित शोधपत्रों में दावा किया गया कि यह वायरस प्राकृतिक क्रमिक विकास का परिणाम है। उक्त शोधपत्रों के अनुसार, अगर ये वायरस लैब निर्मित होता तो सिर्फ और सिर्फ इंसानों के जानकारी में पाए जाने वाले कोरोना वायरस के जीनोम सीक्वेंस से ही इसका निर्माण किया जा सकता। हालांकि, जब कोरोना के जीनोम को अब तक के ज्ञात जीनोम सीक्वेंस से मैच किया गया तब वह पूर्णतया प्राकृतिक और अलग वायरस के तौर पर सामने आया। मई 2021 तक, 'प्राकृतिक तरीकों से वायरस की उत्पत्ति' को ही ज्यादा बल मिलता रहा, पर इसके बाद यह सामने आया कि जिन विज्ञानियों ने लैंसेट और नेचर मेडिसिन में वायरस के किसी प्रयोगशाला से लीक होने की संभावनाओं को नकारा था, उनमें से कई विज्ञानियों के तार कोरोना वायरस में जेनेटिक फेरबदल के 'गेन आफ फंक्शन' अनुसंधान से जुड़े थे।



# पूर्व बाहुबली सांसद अतीक़ अहमद के बयान पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह का पलटवार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** योगी की तारीफ भय की वजह से कर रहे रहे है अतीक़ अहमद तारीफ करने से कार्यवाही पर कोई असर नही कार्यवाही होती रहेगी अतीक़ अहमद और उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री की किया था तारीफ बहादुर और ईमानदार बताया था झलवा में एक कैफ़े का उद्घाटन करने पहुचे थे सिद्धार्थ नाथ।



# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी ने डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रट सभागार में भारतरत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों/कर्मचारियों को एकता और अखण्डता की शपथ भी दिलायी। उन्होने शपथ दिलाया कि ''राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करेगें और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेगें। उन्होने कहा कि हम सभी यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहे है, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा सम्भव बनाया जा सका। हम अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेते है। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने विकास भवन में भारतरत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को एकता और अखण्डता की शपथ भी दिलायी। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी।इस अवसर पर अधिकारी/कर्मचारीगण एवं विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# इसरो वैज्ञानिक प्रो. रैमिल्ला बोले- सेटेलाइट इमेज से होगा भ्रष्टाचार का खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में बुधवार को व्याख्यान देने आए इसरो के वैज्ञानिक डॉ.मूर्ति



रैमील्ला ने बताया कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित हो रही है। आने वाले समय में दैनिक जीवन में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। आने वाले समय में सेटेलाइट इमेज से भ्रष्टाचार का खुलासा होगा। पुल, हाईवे के निर्माण जैसी बड़ी परियोजनाओं के आंकड़े छिपाने वाले रंगे हाथों पकड़े जाएंगे। यह सब अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग से संभव हो सकेगा। चुटकी बजाते ही पता चल जाएगा कि कागज पर क्या रिपोर्ट दी गई है जबकि मौके पर क्या स्थिति है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में बुधवार को व्याख्यान देने आए इसरो के वैज्ञानिक डॉ.मूर्ति रैमील्ला ने बताया कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित हो रही है। आने वाले समय में दैनिक जीवन में इसके उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में इस पर काम शुरू भी हो चुका है। सेटेलाइट इमेजरी सिस्टम से पता लगाया जा रहा है कि देश में गेहूं की कितनी फसल रोपी गई और अनुमानित उत्पादन क्या होगा।बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा पर नियंत्रण के लिए भी सेटेलाइट इमेज मददगार साबित होगी। सरकार चाहे तो अवैध खनन, नदियों के किनारे तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण, प्रदूषण पर नियंत्रण आदि के लिए भी सेटेलाइट इमेज का उपयोग कर सकती है। स्थानीय प्रशासन भी इसकी मदद से बेहतर काम कर सकता है। अधिकतर राज्यों में स्पेस अप्लीकेशन सेंटर बनाए गए हैं।

# शास्त्री पुल पर जाम से जूझते रहे लोग रोडवेज की बसों का बदला मार्ग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** शास्त्री पुल से गुजरने वाले हजारों लोगों को रोजाना जाम



की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। खास यह कि रोडवेज की बसों का मार्ग तो बदल दिया गया है लेकिन प्राइवेट बसों का आवागमन बेरोकटोक जारी रहा। जाम में फंसे लोगों का यही कहना था कि 'डीएम साहब! कांवड़ यात्रा के दौरान जो व्यवस्था थी उसे ही लागू कर देते।' शास्त्री पुल पर मरम्मत कार्य चलने की वजह से एक लेन में आवागमन प्रभावित है। खास यह कि सावन महीने में कांवड़ यात्रा के लिए एक लेन पर आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित था। इसके बावजूद इस कदर जाम नहीं लगा था। इससे यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी है। गौर करने वाली बात यह भी है कि लोगों की समस्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से कुछ निर्देश जारी किए गए हैं लेकिन उन पर भी अमल होता नहीं दिखा। इसके तहत बसों का रूट बदल दिया गया है। शास्त्री पुल के बजाय अब बसें फाफामऊ से जाएंगी। डीएम के इस आदेश पर रोडवेज की बसों का मार्ग तो बदल दिया गया लेकिन निजी बसों का शास्त्री पुल पर आवागमन देर शाम तक जारी रहा। इससे जाम की समस्या बनी रही। मरम्मत वाले लेन पर चल सकेंगे दो पहिया वाहन जाम से निजात के लिए बसों को डायवर्ट करने के साथ कई अन्य निर्देश भी दिए गए हैं। इसके तहत मरम्मत वाले लेन पर दो पहिया वाहनों का आवागमन होता रहेगा। चूंकि लेपन के लिए बुधवार की सुबह तारकोल सड़क पर फैला दिया गया थ। इसकी वजह से लोगों के वाहन एवं पैर उसमें चिपकने लगे थे। इससे दुर्घटना की भी आशंका बन गई थी। इसे देखते हुए लेपन का काम सिर्फ रात में ही करने का आदेश दिया गया है। दिन में लेपन कार्य नहीं होगा। कांवड़ यात्रा की तरह एक लेन पर आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की जरूरत नहीं है। चार-पांच दिनों में ही एक लेन का काम पूरा हो जाएगा। मरम्मत कार्य के बीच दो पहिया वाहनों का आवागमन हो सकता है। इसकी छूट भी दे दी गई है। बसों का रूट बदलने का भी निर्देश दिया गया है। अन्य जरूरी कदम भी उठाए गए हैं।

# भरद्वाज आश्रम के विस्तार में ध्वस्त होंगे 22 मकान पीडीए ने 32 भू स्वामियों को दिया नोटिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** कुंभ 2025 को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी के तहत भरद्वाज मुनि आश्रम के विस्तारीकरण का प्रस्ताव भी कुंभ की तैयारियों में शामिल किया गया है। पीडीए की तरफ से आश्रम के आसपास के मकानों को नोटिस भेजा गया है। कुंभ 2025 को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी के तहत भरद्वाज मुनि आश्रम के विस्तारीकरण का प्रस्ताव भी कुंभ की तैयारियों में शामिल किया गया है। पीडीए की तरफ से आश्रम के आसपास के मकानों को नोटिस भेजा गया है। नोटिस में भवन



स्वामियों से 15 दिनों के भीतर भवन तोड़ने का निर्देश दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर पीडीए की तरफ से भवन को तोड़ दिया जाएगा और उसको तोड़ने में होने वाले खर्च को भी पीडीए वसूलेगा। नोटिस मिलने के बाद से ही भवन स्वामियों के होश उड़े हुए हैं। नोटिस की जद में आईं करूणा देवी ने बताया कि उनके पास भवन और जमीन की रजिस्ट्री के कागज हैं, लेकिन पीडीए के अधिकारी उनकी सुनने को तैयार नहीं हैं। इसी प्रकार शिव जी गोस्वामी, दरियावनाथ गोस्वामी, पकौड़ी नाथ गोस्वामी, लिलिन गोस्वामी, पवन गोस्वामी आदि को भी पीडीए की तरफ से नोटिस थमा दिया गया है।

# बोरिंग पाईप निकालने के दौरान मिट्टी का टीला धंसा, मजदूर की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** बोरिंग पाईप निकालने के दौरान मिट्टी का टीला धंसने से एक मज़दूर की मौत हो गयी। फायर ब्रिगेड व मेजा पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से मिट्टी हटा कर एक दिन बाद सोमवार को उसका शव बाहर निकाला। घटना मेजा थाना क्षेत्र के पकरी सेवार की है। रविवार को गांव के एक ब्यक्ति ने बोरिंग का काम शुरू कराया था। मौके पर बिगहनी गांव निवासी अखिलेश, गोपाल, दुर्गा, दिलीप काम कर रहे थे। खुदाई के दौरान मिट्टी धंसनें से गोपाल व उसके साथी दब गऐ। काम कर रहे लोगों की मदद से गोपाल के साथी को तो निकाल लिया गया।लेकिन वह मिट्टी मे ही धंसा रह गया। उसका शव घटना के दूसरे दिन सोमवार को फायर ब्रिगेड व मेजा पुलिस ने जेसीबी से गड्ढा खोदकर निकाला गया।



# निकाय चुनाव के लिए वोटर लिस्ट है तैयार, पोलिंग सेंटर में जाकर 7 नवम्बर तक नाम जुड़वा या संशोधन करवा सकते हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** निकाय (नगर निगम/म्यूनिसिपल) चुनाव के लिए वोटर लिस्ट तैयार हो चुकी है। मतदाताओं के लिए यह लिस्ट हर पोलिंग सेंटर में 7 नवम्बर तक रखी हुई है ताकि वह आकर अपना नाम जुड़वाने या किसी और संशोधन के लिए आवेदन कर सकें। वोटर लिस्ट में नाम सम्मिलित किये जाने, संशोधन किये जाने एवं किसी नाम पर आपत्ति के लिए निर्धारित फ़ॉर्म दिए जाएंगे। आपत्तियों के लिए निर्धारित प्रपत्रों को भरकर मतदान स्थलों पर नियुक्त बी0एल0ओ0 या नगर निगम या नगर पंचायत कार्यालय या सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय पर नियुक्त कर्मचारी को दिया जा सकता है। यह जानकारी एडीएम (राजस्व एवं वित्त) ने आम जनमानस के लिए दी है।




# नैनी विद्युत भंडार केंद्र के वर्कशॉप में लगी आग, ट्रांसफार्मर हुए खाक़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** नैनी विद्युत भंडार केंद्र स्थित वर्कशॉप में मरम्मत के दौरान सिलेंडर से निकली चिंगारी से ट्रांसफार्मरों के भंडार में आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटें स्टोर में फैल गयीं। आसपास कोई पानी का स्त्रोत न होने से आग को फैलने से नही रोका जा सका। सूचना पर पहुंची नैनी फ़ायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में लगी हुई हैं। आग के कारण कई ट्रांसफार्मर खाक़ हो गए। बता दें कि मरम्मत होने लायक़ खऱाब ट्रांसफार्मरों को यहाँ ठीक किया जाता है।





# शादी से मना करने पर सिरफिरे युवक ने फेसबुक पर किया युवती को बदनाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** विवाह से इनकार करने पर सिरफिरा युवक फेसबुक पर युवती को बदनाम कर रहा है। घरवालों ने शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। युवक की हरकत से परेशान युवती की मां ने मुट्ठीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने गिरफ्तारी करने की बात कही है। सगाई होने पर सिरफिरे ने एडिट फोटो डाली फेसबुक पर महिला का आरोप है कि उसकी 22 वर्षीय बेटी की सगाई हो चुकी है। करीब दो साल पहले उसकी दोस्ती रोहित से हुई थी। जब सगाई की जानकारी रोहित को हुई तो उसने युवती पर शादी करने का दबाव डाला। युवती ने मना किया तो उसकी पुरानी तस्वीर को एडिट करके फेसबुक पर डाल दिया। इससे परिवार की छवि धूमिल होने लगी। यह भी आरोप है की रोहित ने युवती के मंगेतर को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने जब रोहित की शिकायत उसके घरवालों से की तो जान से मारने की धमकी दी। यह भी कहा कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़




सकता है। फिलहाल पुलिस मुट्ठीगंज पुलिस ने मामले में आइटी एक्ट के तहत मुकदमा कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध में सख्त रवैया अपनाया जा रहा है।

# प्रयागराज में अवैध निर्माण: 90 दिनों में 400 भवन मालिक को नोटिस, 100 से ज्यादा धवस्तीकरण आदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण बिना नक्शा पास कराए भवन बनवाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त रवैया अपना रहा है। ऐसे 400 से अधिक लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 100 से अधिक भवनों के लिए पीडीए ने ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया है। यह आदेश तीन माह में पारित किया गया है। प्रतिमाह 33 लोगों को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया है। वहीं तीन माह में 210 लोगों ने ध्वस्तीकरण से बचने के लिए कंप्लीशन कराने के लिए आवेदन किया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण बिना नक्शा पास कराए बने भवनों को ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस जारी कर रहा है। आनलाइन नक्शा पास करने के लिए लगातार आवेदन आ रहे हैं। साथ ही बिना नक्शा पास कराए घर बनाने वाले कंपाउंडिंग के लिए आवेदन कर रहे हैं। देखा जए तो आनलाइन नक्शा पास कराने के आवेदन से ज्यादा कंपाउंडिंग के लिए आवेदन हो रहे हैं। कंप्लीशन का आवेदन आने से पीडीए को लगभग 20 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है।




# अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश 17 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज अतरसुइया पुलिस ने बड़े वाहन चोर का पर्दाफाश करते हुए 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल वह उनकी निशानदेही पर 15 मोटरसाइकिल ले बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है गिरफ्तार किए गए अभियुक्त चोरी करने के बाद गाड़ियों को भेजते नहीं थे बल्कि किसी के यहां परिजनों की बीमारी का बहाना बनाकर गिरवी रख देते थे आज पुलिस लाइन के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी अभियुक्तों को मीडिया के सामने पेश किया गया पुलिस अधीक्षक नगर संतोष कुमार मीणा ने बताया कि इनकी गैंग के तीन सदस्य भी फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।



# कानपुर के हॉस्पिटल में महिला कि मौत पर परिजनों ने किया हंगामा




**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** परिजनों का आरोप 4 दिनों में लिया गया 5 लाख रूपये। ग्वालटोली थाना क्षेत्र के कनिष्क हॉस्पिटल का मामला। थाना ग्वालटोली में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# मनकामेश्वर मंदिर प्रयागराज के सबसे पुराने शिव मंदिरों में से एक है और लालापुर पहाड़ी के ऊपर स्थित है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** शिव पुराण , स्कंद पुराण और पद्म पुराण के अनुसार मनकामेश्वर वह स्थान है जहां





भगवान शिव ने कामदेव को भस्म कर दिया था यह भी उल्लेख किया गया है कि सत्य युग में, भगवान शिव ने स्वयं को यमुना नदी के किनारे स्वयंभू लिंग के रूप में प्रकट किया था। जब भगवान राम अपने वनवास के दौरान प्रयाग पहुंचे, तो उन्होंने सीता माता और लक्ष्मण के साथ विश्राम किया। फिर उन्होंने इस शिव लिंग का जला अभिषेक किया और वनवास पूरा करने के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। जब भगवान राम और सीता माता लंका से विजयी होकर लौटे, तो वे प्रयाग में रुक गए और भारद्वाज ब्रह्मर्षि का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी सलाह पर, सीता माता भगवान मनकामेश्वर के दर्शन के लिए आईं और उनकी पूजा की। कहा जाता है कि इस शिव लिंग का अभिषेक भगवान राम ने किया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह लिंग अधिक नहीं तो कम से कम यह भी कहा जाता है कि जब मंदिर खाली होता है तब भी भगवान शिव की स्तुति हवा में गूंजती है। भगवान मनकामेश्वर के अलावा, पार्वती देवी को कामेश्वरी के रूप में समर्पित एक सुंदर मंदिर है। हिंदू शास्त्रों में वर्णित प्रसिद्ध रिनमुक्तेश्वर और सिद्धेश्वर महादेव मंदिर मंदिर परिसर में पाए जाते हैं। भगवान सिद्धेश्वरनाथ हनुमान की भव्य प्रतिमा, दिव्य पीपुल के पेड़ के नीचे स्थित शिव लिंगों के साथ-साथ मंदिर परिसर के भीतर भगवान गणेश और भगवान नंदी की स्थानीय लोग पूजा करते हैं। इसके चारों ओर एक पुराना बरगद का पेड़ और छोटी मूर्तियाँ हैं जो अपनी आध्यात्मिक शक्ति के लिए जानी जाती हैं। पहेलियों के गुणों और कुएं के गुणों से भरपूर है, जो कि स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए जरूरी है। महाशिवरात्रि , अमावस्या और कार्तिक पूर्णिमा पर, श्रावण के शुभ मुहूर्त में, मंगल को दहन के लिए ऐसा ही होगा ।

# अक्षय नवमी का मेला 1 एवं 2 नवंबर को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** 30 अक्टूबर प्रयागराज,अक्षय नवमी मेला कमेटी की एक आवश्यक बैठक भारद्वाज आश्रम में की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमेटी के अध्यक्ष लोकमणी गोस्वामी जी ने बताया कि अक्षय नवमी का मेला महर्षि भारद्वाज आश्रम कर्नलगंज प्रयागराज के प्रांगण में सनातन धर्म से गोस्वामी समाज के द्वारा आयोजित किया जाता है और सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार अक्षय नवमी का दो दिवसीय मेला 1 नवंबर से 2 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा और कहा कि ऐसी मान्यता है कि नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पेड़ के नीचे पूजा करने और भोजन करने से परिवार में यश धन की प्राप्ति होती है बैठक का संचालन अनिल गोस्वामी ने करते हुए कहा कि यह मेला इस वर्ष भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा जिसमें दूर-दूर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु लोग आएंगे।

# यात्रियों की भरमार फिर भी इंडिगो ने मुंबई पुणे और बंगलूरू के कम कर दिए फेरे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट से सर्वाधिक यात्रियों की आवाजाही मुंबई, पुणे और बंगलूरू के लिए है, लेकिन इन तीनों ही महानगरों की ओर जाने वाली उड़ानों के इंडिगो ने फेरे कम कर दिए हैं। फेरे कम करने से अब संबंधित शहरों का हवाई किराया भी बढ़ गया है। इससे यात्री काफी निराश हैं। प्रयागराज एयरपोर्ट भले ही ग्राहक संतुष्टि मामले में देश के टॉप टेन एयरपोर्ट में शामिल हो गया हो लेकिन यहां से संचालित तमाम फ्लाइट के फेरे इंडिगो ने कम कर दिए हैं।

# वाराणसी में देव दीपावली के पूर्व गंगा टास्क फोर्स और सामाजिक संगठनों ने कसी कमर, चला स्वच्छता अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** देव दीपावली के पूर्व राजघाट से नमो घाट तक काशी में स्वच्छता की मुहिम शुरू करने के साथ ही काशीवासियों को गंगा स्वच्छता से जुड़ने की अपील की गई है। देव दीपावली के पूर्व घाटों पर सफाई के गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने संयुक्त अभियान चलाकर घाटों की सफाई के साथ जागरूकता की। स्वच्छता अभियान के तहत घाटों पर जगह-जगह फेंके गए कूड़े कचरे को भी नमामि गंगे के सदस्यों व जवानों ने उनके सही स्थान तक पहुंचाया?। घाटों पर संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी ने 'सबका साथ हो, गंगा साफ हो' के नारे संग प्रत्येक काशीवासी को गंगा स्वच्छता से जुड़ने की अपील की ?गई। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा सफाई अभियान के लिए युवाओं और माताओं-बहनों का



लिए नमामि गंगे सहित कई संगठनों के सदस्यों ने अपनी कमर कस ली है। काशी के घाटों को स्वच्छ रखने के लिए बुधवार को राजघाट से नमो घाट तक विशेष सफाई अभियान की शुरुआत बुधवार को हुई। नमामि गंगे और 137 सीईटीएफ बटालियन (प्रादेशिक सेना) 39 गोरखा राइफल श्रमदान के बाद वहां उपस्थित पर्यटकों और आम लोगों को गंगा और घाटों स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई। पतित पावनी मां गंगा की अविरल धारा को निर्मलता के साथ बहने और उनको हमेशा स्वच्छ रखने के लिए सभी संकल्पबद्ध हुए। गंगा मैया की जय के बीच नमामि गंगे काशी क्षेत्र के उत्साह मां गंगा के लिए बड़ा लाभकारी है। स्वच्छता की प्रतिबद्धता के लिए संकल्प, साफ-सफाई और जागरूकता से अपनी गंगा नित निर्मलीकरण की ओर अग्रसर होंगी। आयोजन का मूल उद्देश्य गंगा से सबको जोड़ना है। उन्होंने कहा कि गंगा स्वच्छता के लिए

# भारत जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में बनेगा विश्व गुरु, जौनपुर में बोले- केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**जौनपुर ।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में पुनः दुनिया में विश्व गुरु बनेगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से सामूहिक विवाह के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है, जिसमें सभी शिक्षार्थियों की



इस विश्वास को बल मिला है। उन्होंने कहा कि भारत पहले दुनिया में ज्ञान के केंद्र के रूप में जाना जाता रहा, जबकि भारत में जौनपुर का अहम स्थान रहा। वह मंगलवार को सल्तनत बहादुर इंटर कालेज में आयोजित बदलापुर महोत्सव में आयोजित 311 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामाजिक व आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो। इसका उद्देश्य एक नई प्रणाली का निर्माण करना है जो भारत की परंपराओं और मूल्य को अपने अंदर समाहित करते हुए विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करे।

# आजमगढ़ में पेन गन सहित कारतूसों और असलहों का अवैध कारोबार, पाकिस्तान तक जुड़े हैं तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**आजमगढ़।** जिले के बिलरियागंज थाना के पतिला गौसपुर व फलाह नगर में यूपी एटीएस व पुलिस की छापेमारी में दो युवकों के पाकिस्तान और दुबई के संपर्क सामने आने के जानकारी में यह भी सामने आया है कि यू ट्यूब से देखकर उन लोगों ने पेन गन तक बना डाला था। इसका प्रयोग किस पर किया जाना है यह जानकारी एजेंसियां जुटाने में लगी हुई हैं। यूपी एटीएस को सूचना मिली में अपने खेत में अवैध हथियार बनाने हेतु एक कारीगर को रखते हुए फैक्ट्री लगाई थी। बाढ़ आने पर फैक्ट्री का संचालन घर से करता था। हथियारों को आफताब आलम तथा काजी गन हाउस आसिफगंज पांडेय बाजार रोड




बाद सुरक्षा एजेंसियों के होश उड़ गए हैं। इसके अलावा देश भर में उनके द्वारा कारतूस सप्लाई करने के साथ ही पेन गन बनाए जाने की जानकारी ने पूछताछ और कार्रवाई के दायरे को बढ़ा दिया है। कर भारी मात्रा में हथियार के साथ अंतर प्रांतीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सनसनीखेज बातें सामने आई हैं। अवैध शस्त्रों के कारोबार के लिए शहर का एक लाइसेंसी गन हाउस सेतु का काम करता था। एटीएस की कार्रवाई में मामला उजागर हुआ, तो प्रशासन ने गन हाउस को सील कर दिया है। कि आफताब आलम निवासी फलाहनगर व मैनुद्दीन शेख निवासी पतिला गौसपुर थाना बिलरियागंज बड़े पैमाने पर अवैध शस्त्र का कारोबार करते हैं और गन हाउस से कारतूस प्राप्त कर गैर कानूनी तौर से बिक्री करते हैं। पुलिस व एटीएस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके घरों से भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस व बनाने के उपकरण आदि बरामद हुए। एटीएस की पूछताछ में मैनुद्दीन शेख ने बताया कि वह धंधे को काफी दिनों से कर रहा है। देवारा क्षेत्र के कुड़ही ढाला के पास इब्राहिमपुर गांव के संचालक सैयद काजी अरशद के माध्यम से पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में तस्करी करता था। जांच में मैनुद्दीन के नेपाल, पाकिस्तान व दुबई तक कनेक्शन प्राप्त हुए हैं। एटीएस को तलाशी के दौरान आरोपितों के घरों से बंदूक, रिवाल्वर व अत्याधुनिक हथियार पेन गन बरामद हुआ है। शहर के पांडेय बाजार मोहल्ले में स्थित काजी गन हाउस से अवैध शस्त्रों की सप्लाई करते थे। पुलिस ने उसे सील कर दिया है। वहीं, संचालक फरार हो गया है। एटीएस की जांच में इनके तार पाकिस्तान, नेपाल व दुबई तक फैले हुए है।

# हजारों मील का सफर तय कर संगम तट पहुंचे विदेशी साइबेरियन पक्षी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** श्रद्धालुओं का केंद्र बने ब्लैक हेड गल्स पक्षी साइबेरिया से हजारों मील की उड़ान भर संगम पहुंचना शुरू हो गए हैं। इन पक्षियों की खूबसूरती संगम आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों का दिल जीत लेती है। माघ और कुंभ मेले में हर साल कोई आए न आए पर साइबेरियन पक्षी रास्ते में अफगानिस्तान, मध्य एशिया व हिमालय की ऊंची पर्वत माला को पार कर यहां तक पहुंचते हैं। नवंबर माह में उक्त देशों में बर्फबारी अधिक होती है ऐसे में खाने की तलाश में भारी तादाद में यह पक्षी यहां आते हैं। इनका प्रवास मार्च माह तक यहां रहता है। गर्मी के शुरू होते ही ये अपने पुराने ठौर को लौट जाते हैं। लोग इन पक्षियों के साथ फोटो खिंचाने को लालायित रहते हैं।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

## देव दीपावली पर्व के अवसर पर 11 लाख दीपों से जगमग होंगे संगम सहित अन्य घाट-जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में 07 नवम्बर, 2022 को देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। देव दीपावली पर्व के अवसर पर 11 लाख दीपों से संगम सहित अन्य घाटों को सजाया जायेगा। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य लोगो को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। दीपों को अच्छे एवं व्यवस्थित ढंग से जलाने के लिए सेक्टर वार व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने मार्गों पर साइनेज तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि देव दीपावली पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल संगम क्षेत्र में



सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को देव दीपावली पर्व पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने, नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर, मोबाइल ट्वायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। विकास प्राधिकरण के द्वारा सभी चैराहों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर सेल्फी प्वाइंट एवं सैण्ड आर्टस आदि की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने शास्त्री ब्रिज एवं नए यमुना ब्रिज पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित किए जाने के लिए कहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पाण्डेय ने देव दीपावली पर्व के अवसर पर पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक नगर को कहा है। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री चन्द्र मोहन गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, सभी अपर जिलाधिकारीगण, पुलिस अधीक्षक नगर, एस0डी0एम0 मेला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ में छठ पूजा में शामिल होने गए पांच किशोर सरयू नदी में डूबे, दो की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**आजमगढ़।** अतरौलिया और रानी की सराय क्षेत्र में छठ पूजा के दौरान नदी और पोखरे में पांच किशोरों के डूब जाने से हड़कंप मच गया। इसमें तीन किशोरों को बचा लिया गया, जबकि दो की सांसें थम चुकी थीं। हादसे के बाद पूजा का उत्साह गम में बदल गया। अतरौलिया थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी सत्यम यादव की भाभी चमन छठ व्रत की पुकार मच गई। वहां मौजूद भरसानी गांव के दो युवक मिर्जा और विकास किशोरों को बचाने के लिए नदी में कूदे तो तीन को बचा लाए, जबकि सत्यम गहरे पानी में समा चुका था। मशक्कत के बाद सुबह सत्यम को गहरे पानी से निकाला गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। 11वीं का छात्र सत्यम दो भाइयों में छोटा था। घटना की जानकारी होते ही बुआ के यहां पूजा में शामिल होने दो सगे



थीं। पूरा परिवार तड़के घाट भरसानी गांव स्थित छोटी सरयू नदी किनारे उगते भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के लिए घर से निकला था। चमन पानी में उतर सूर्यदेव के उगने का इंतजार करने लगीं, जबकि परिवार के लोग पर्व की खुशियों में डूबे हुए थे। उसी समय सत्यम और रिश्तेदारी आए दो सगे भाई अनिकेत, अभिषेक और एक अन्य किशोर ने वहां से कुछ दूर जाकर सरयू में नहाने के लिए छलांग लगा दी। चारों को गहरे पानी में जाने का लोगों को एहसास हुआ तो चीख-भाई अनिकेत और अभिषेक पुत्र रामकुमार निवासी भोराजपुर के स्वजन पहुंच गए और दोनों को सुरक्षित देख संतोष की सांस ली, लेकिन सत्यम की मौत का दुख उनके चेहरे पर स्पष्ट नजर आ रहा था।रानी की सराय : तमौली गांव में अर्घ्यदान से पहले स्नान करते समय पोखरे में डूबने से किशोर की मौत हो गई। उसी गांव के राहुल यादव की मां व्रत थीं। भोर में परिवार के लोग पोखरे पर गए थे।

# विश्व वैदिक सनातन संघ प्रमुख सीएम को सौंपेंगे अपनी और स्वजनों की बैंक डिटेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**वाराणसी।** ज्ञानवापी से संबंधित मुकदमों की पावर ऑफ अटार्नी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देने के साथ ही विश्व वैदिक सनातन संघ के बैंक खाते में 31 अक्टूबर 2022 तक जमा संपूर्ण धनराशि का विवरण जब से बैंक अकाउंट खोला है तब से अब तक की बैंक स्टेटमेंट के साथ उन्हें संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन का कहना है कि इसके लिए कानूनी प्रक्रिया चल रही है। 15 नवम्बर को मामलों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दिया जाएगा। उनका कहना है कि ज्ञानवापी को लेकर विभिन्न अदालतों में चल रहे पांच मुकदमों को विश्व वैदिक सनातन संघ देख रहा है। इसमें ज्ञानवापी परिसर



सौंपा जाएगा। यह कहना है विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन का। वह कहते है कि इसी के साथ परिवार के सभी सदस्यों के बैंक अकाउंट में जमा रकम आज दिनांक 31 अक्टूबर तक जो भी है जितनी भी है वह संपूर्ण धनराशि पिछले दो वर्ष के विवरण (बैंक स्टेटमेंट) के साथ मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगा। बातें दें कि ज्ञानवापी से जुड़े मामलों जिसमें विश्व वैदिक सानतन संघ या उससे जुड़े लोग वादी या पक्षकार है। उसे मुख्यमंत्री को सौंपना चाहते हैं। स्थित मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन समेत अन्य मांगों को लेकर जिला जज की अदालत में राखी सिंह समेत पांच महिलाओं की ओर से दाखिल मुकदमा है। इसके साथ ही किरन सिंह की ओर से सिविल जज फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन की अदालत में दाखिल प्रार्थना पत्र है। इसमें ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक समेत अन्य मांग की गई है। इसमें जितेंद्र सिंह विसेन पैरोकार हैं। इसके अलावा तीन अन्य मामलों को विश्व वैदिक संघ देख रहा है।

सीधे प्रवेश




नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# सम्पादकीय

## महिला अस्मिता के लिए कुप्रथाओं पर रोक के पुरजोर प्रयास करने ही होंगे

लोकतांत्रिक चेतना और सामाजिक विकास के मामले में भारत हमेशा पाकिस्तान और बांग्लादेश की तुलना में आगे रहा है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कुछ जरूरी कदम भारत से पहले ही इन दो देशों में उठा लिए गए। जैसे कि तीन तलाक की कुप्रथा। अफगानिस्तान, ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, मलयेशिया, जॉर्डन, मिस्र, ईरान, इराक, इंडोनेशिया, लीबिया, सूडान, सऊदी अरब, मोरक्को और कुवैत जैसे देशों में भारत से पहले ही तीन तलाक की कुप्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसी तरह कौमार्य परीक्षण पर भी अनेक देशों में प्रतिबंध है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी इस पर रोक है। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में इस पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। देर से यह कदम उठाने के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय धन्यवाद का हकदार है। उसने ठीक ही यह कहा है कि यौन उत्पीड़न के मामले में पीड़िता का 'टू फिंगर टेस्ट' कराने वाला भी कदाचार का दोषी माना जाएगा। अदालत ने माना है कि यह टेस्ट एक गलत धारणा पर आधारित है कि यौन रूप से सक्रिय महिला का बलात्कार नहीं हो सकता। सच्चाई इससे कुछ अलग भी हो सकती है, और किसी महिला का यौन इतिहास जानना महत्वहीन है। कौमार्य परीक्षण एक अर्थ में यौन हिंसा ही है। प्राचीन काल से ही पुरुषवर्चस्ववादी समाज में कौमार्य परीक्षण की परंपरा रही है। इसके तहत नवविवाहिता वधू के कौमार्य परीक्षण की व्यवस्था हमारे समाज में रही है। चूंकि डॉक्टर दो उंगलियों से इसका परीक्षण करते हैं, इसलिए इसका नाम 'टू फिंगर टेस्ट' है। किसी के साथ बलात्कार हुआ है या नहीं, इसकी जांच के लिए भी 'टू फिंगर टेस्ट' किया जाता है। इसमें डॉक्टर इसका पता लगाते हैं कि पीड़िता की योनि की झिल्ली अक्षत है या नहीं। अगर वह अक्षत है, तो बलात्कार नहीं हुआ, अगर अक्षत नहीं है, तो इसका मतलब यह है कि बलात्कार हुआ है। इस परीक्षण में डॉक्टर योनि का परीक्षण भी करते हैं। जांच के ये तमाम तरीके वस्तुतः पुरुषवर्चस्ववादी सोच के बारे में ही बताते हैं। मसलन, अगर 'टू फिंगर टेस्ट' में डॉक्टर पाते हैं कि शिकायत दर्ज करने वाली महिला शारीरिक संपर्क की अभ्यस्त है, तो फिर उसकी शिकायत को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता। इसी तरह 'टू फिंगर टेस्ट' में अगर बलात्कार की पुष्टि होती है, तो ऐसे मामलों में कई बार लड़कियों के चरित्र की तहकीकात की जाती है। इन्हें पुरुषवर्चस्ववादी सोच के सिवा भला और क्या कहें! गौर करने वाली बात यह है कि बलात्कार की परिभाषा अब बदल गई है। इसकी परिभाषा अब ज्यादा व्यापक है। उदाहरण के लिए, ताकत के बल पर किसी को नग्न करना और उसे अपने या किसी दूसरे का जननांग स्पर्श करने के लिए बाध्य करना भी बलात्कार के दायरे में आता है। अक्षतयोनि लड़कियां भी बलात्कार की शिकार हो सकती हैं।

ऐसे ही किसी पुरुष के शारीरिक संपर्क के बगैर भी कोई लड़की कौमार्य परीक्षण में फेल हो सकती है। इस तरह देखें, तो आधुनिक समाज में 'टू फिंगर टेस्ट' का अनौचित्य, इसकी अनैतिकता और अवैज्ञानिकता बार-बार प्रमाणित हुई है। कभी किसी समाज में पुरुषों के कौमार्य परीक्षण की परंपरा नहीं रही है। इस मामले में लड़कियां और महिलाएं ही प्राचीन काल से अब तक बार-बार अपमानित-असम्मानित होती रही हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि एक बार पुरुष का शिकार होने के बाद 'टू फिंगर टेस्ट' में उसे फिर डॉक्टर का शिकार होना पड़ता है। सवाल यह है कि ऐसी लड़कियों के प्रति हमारे समाज में घृणा और हिकारत की भावना ही क्यों पनपती है। ऐसा क्यों मान लिया जाता है कि इनकी जिंदगी अब खत्म और व्यर्थ हो गई है? लड़कियों और महिलाओं को यौन अत्याचार के क्रूर अनुभवों से गुजरना पड़ता है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? हमारा समाज, हमारी पुलिस व्यवस्था और हमारी पुरुषवर्चस्ववादी सोच। वस्तुतः ऐसी लड़कियां घृणा की नहीं, संवेदना की हकदार हैं। बलात्कार से लड़कियों और स्त्रियों का जीवन खत्म नहीं हो जाना चाहिए, बल्कि समाज की तरफ से ऐसी कोशिश होनी चाहिए कि वे सिर उठाकर जीने और जीवन में कुछ सार्थक कर पाने का आत्मविश्वास हासिल कर पाएं। लेकिन एक यंत्रणा के बाद उन्हें कौमार्य परीक्षण की दूसरी यंत्रणा से गुजरना पड़ता है। मिस्र की राजधानी काहिरा के तहरीर चौक में जब लोगों ने लोकतंत्र के लिए आंदोलन शुरू किया था, तब सेना के जवानों ने कुछ आंदोलनकारी लड़कियों को जबरन उठवाकर उनका कौमार्य परीक्षण करवाया था। इससे यह पता चलता है कि कौमार्य परीक्षण स्त्रियों को प्रताड़ित करने का भी औजार है। मुझे हैरानी होती है कि इस 21वीं सदी में भी कौमार्य परीक्षण की यह परंपरा दुनिया के अनेक देशों में कायम है। मध्यकाल में यूरोप के योद्धा जब लड़ाई लड़ने दूर जाते थे, तब अपनी स्त्रियों की कमर में वे लोहे की एक बेड़ी लगाकर जाते थे, जिससे कि उनका किसी दूसरे पुरुष से शारीरिक संपर्क न हो पाए। सिर्फ पति के आदेश से नहीं, बल्कि समाज के निर्देश पर भी अक्सर महिलाओं की कमर में वे बेड़ियां लगाई जाती थीं। लेकिन बाहर जाते पुरुषों को ये बेड़ियां नहीं लगाई जाती थीं। उनके स्वच्छंद आचरण में किसी तरह की कोई बाधा नहीं थी। इटली के अलावा चीन में महिलाओं की कमर में बेड़ी लगाने के मध्यकालीन उदाहरण मिलते हैं। यह जानकर हैरानी होगी कि बीती सदी के 70 के दशक में इंग्लैंड में कौमार्य परीक्षण की वापसी हुई थी। दरअसल तब दूसरे देशों की जो भी कुंवारी लड़कियां इंग्लैंड में बसने के लिए आती थीं, उन लड़कियों का कौमार्य परीक्षण (वर्जिनिटी टेस्ट) किया जाता था। अमेरिका में भी बीच बीच में कौमार्य परीक्षण की बर्बरता से लड़कियों को गुजरना पड़ता है।

# राजनीति की देन है जहरीला वायुमंडल, लोगों को इस तरह दमघोंटू वातावरण में जीने को अभिशप्त मत कीजिए

ऐसा लगता है जैसे दिल्ली सहित संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घने कोहरे में डूबा हुआ है। सब जानते हैं कि यह कोहरा नहीं, बल्कि प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुजुर्गों, बच्चों और सांस की समस्याओं से ग्रस्त लोगों को घर से बाहर न निकलने का सुझाव जारी कर दिया है। इसी के साथ स्कूल बंद करने के आदेश जारी हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से दिल्ली का एक्यूआइ (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 400 से 450 के बीच दर्ज किया जा रहा है। लगभग यही स्थिति गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद आदि की है। उत्तर भारत के अन्य अनेक इलाके भी प्रदूषण की चपेट में हैं। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं। वास्तव में यह सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक में यह साफ हो गया कि अगले कई दिनों तक वायु की गुणवत्ता बहुत गंभीर श्रेणी में रह सकती है, लेकिन दिल्ली और पंजाब की सरकार स्वयं को इसके लिए किंचित भी उत्तरदायी नहीं मानतीं। दिल्ली को सामाजिक-आर्थिक विकास के माडल के रूप में गुजरात चुनाव में पेश कर रहे अरविंद केजरीवाल और उनके साथी ही इस बात की चर्चा नहीं करते कि इससे कितनी क्षति हो रही है। ताजा आदेशों के अनुसार, दिल्ली में आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ट्रकों और सभी सीएनजी-इलेक्ट्रिक ट्रकों को



छोड़कर अन्य ट्रकों का प्रवेश बंद होगा। इसी तरह आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर डीजल चालित मध्यम वाहन और भारी माल वाहन, बीएस-6 वाहनों को छोड़ डीजल, एलबीएस आदि पर रोक लगा दी गई है। निर्माण कार्यों यानी राजमार्ग, फ्लाईओवर और पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का निर्माण कार्य रुक जाएगा। स्वच्छ ईंधन से नहीं चलने वाले उद्योगों को भी बंद करने का आदेश जारी हो गया है। इस तरह यहां के लोग एक ओर जहरीली हवा से होने वाली बीमारियों से ग्रस्त होने को अभिशप्त हैं तो दूसरी ओर भारी आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए भी। निःसंदेह दिल्ली ही नहीं आसपास के क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार की भी जिम्मेदारी है। पर्यावरण की दृष्टि से केंद्र के पास ऐसे अनेक अधिकार हैं, जिनसे राज्यों को कदम उठाने के लिए बाध्य किया जा सकता है। पराली जलाने की समस्या आज की नहीं है। स्वयं केजरीवाल इसके विरुद्ध आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन पंजाब में सरकार बनने के बाद इस मामले पर अपने स्वभाव के अनुरूप उन्होंने यू-टर्न ले लिया। पराली की समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता और सरकार किसानों को समझाने-बुझाने की कोशिश करती तो यह दिन नहीं देखना पड़ता। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 3 नवंबर को दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। हर दिन पराली जलाने की कई सौ घटनाएं दर्ज हो रहीं है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? इसका उत्तर ढूंढ़े तो आप शून्य में पहुंच जाएंगे। सच यह है कि इसके लिए कोई कोशिश हो ही नहीं रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने का अधिकार है। किसानों को विकल्प उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अनुसार अगले साल नवंबर तक पराली की समस्या सुलझा ली जाएगी। वह यह भी कहते हैं कि केंद्र को भी मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि यह पूरे उत्तर भारत का मुद्दा है। क्या केंद्र सरकार भगवंत मान से सहमत है? क्या केंद्र राज्य के साथ मिलकर काम नहीं कर रहा है? अगर ऐसा है तो केंद्र को स्पष्ट करना चाहिए। आखिर पड़ोस के हरियाणा ने एक हद तक इस पर काबू पाया है। जरा सोचिए, इस वर्ष पंजाब में 31.13 लाख हेक्टेयर में धान की फसल उगाई गई, जबकि 2021 में यह 29.61 लाख हेक्टेयर थी। इसे कैसे रोका जाएगा? आम आदमी पार्टी के पास इस समस्या का कोई समाधान नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अभी पंजाब के भी नीति नियंता है। वह मुख्यमंत्री बनने के पहले स्वयं को दिल्ली को जहरीली आबोहवा से बचाने के झंडाबरदार के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं, पर अब जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे। अपनी राजनीति के लिए आम आदमी पार्टी ने पूरे क्षेत्र की जनता को जहर में जीने को अभिशप्त किया है। दिल्ली के वायुमंडल को ठीक करने के लिए कई कदम उठाए गए। इसके बावजूद स्थिति गैस चैंबर की है तो स्वीकारना पड़ेगा कि पर्यावरण के नाम पर केवल राजनीति हुई है। लोगों को शुद्ध वायु, जल और वातावरण उपलब्ध कराना सरकारों की मूल जिम्मेदारी है। आप राजनीति करिए, किंतु लोगों को इस तरह दमघोंटू वातावरण में जीने को अभिशप्त मत कीजिए। यदि केंद्र सरकार के सहयोग और सुझावों का प्रदेश सरकारें पालन नहीं करतीं तो वह उनके विरुद्ध कदम उठाए। करोड़ों लोगों की जीवन रक्षा का प्रश्न दलीय राजनीति से बड़ा है।

# संभव है दूसरी पीली क्रांति, लेकिन जीएम सरसों को लेकर कई चिंताओं का समाधान करना जरूरी

जेनेटिक इंजीनियरिंग अप्रूवल समिति यानी जीईएसी द्वारा जेनेटिकली मोडिफाइड (जीन संवर्धित-जीएम) सरसों की खेती को मंजूरी देने की सिफारिश करने के साथ ही इसका समर्थन और विरोध शुरू हो गया है। जहां समर्थक उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा कर रहे हैं, वहीं विरोधियों का तर्क है कि जीएम सरसों के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को सार्वजनिक नहीं किया गया और इसके पैदावार संबंधी दावे संदिग्ध हैं। उल्लेखनीय है कि मांग के अनुरूप घरेलू उत्पादन न होने से देश में खाद्य तेल का आयात लगातार बढ़ रहा है। भारत अपनी जरूरत का 65 प्रतिशत खाद्य तेल आयात करता है। इसमें सबसे ज्यादा हिस्सा पामोलीन और सूरजमुखी के तेल का होता है। खाद्य तेल महंगाई के दौर में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन काम करने वाली जीईएसी ने देश में जीएम सरसों धारा मस्टर्ड हाइब्रिड 11 (डीएमएच 11) की खेती को हरी झंडी दिखाई है। जीएम सरसों पहली खाद्य फसल है जिसकी ऐसी खेती की अनुमति मिली है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इसका फील्ड ट्रायल होगा, फिर इसे व्यावसायिक रूप से जारी किया जाएगा। इसके पहले 2017 में भी जीएम सरसों के फील्ड ट्रायल को अनुमति दी गई थी, लेकिन किसान संगठनों के विरोध और सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद इसे वापस ले लिया गया था। कमोबेश



यही हश्र बीटी बैंगन का भी हो चुका है। डीएमएच 11 सरसों को दिल्ली विवि में सेंटर फार जेनेटिक मैनिपुलेशन आफ क्राप प्लांट्स द्वारा विकसित किया गया है। यह दावा किया जा रहा है कि डीएमएच 11 सरसों की मौजूदा किस्मों के मुकाबले 30 प्रतिशत अधिक उत्पादक है। डीएमएच 11 में दो एलियन जीन होते हैं। इन्हें एक जीवाणु से अलग किया जाता है। यह ज्यादा उपज देने वाले सरसों के प्रजनन को सक्षम बनाता है। इन्हीं विशेषताओं के चलते आस्ट्रेलिया ने भारतीय जीएम सरसों की वाणिज्यिक खेती की अनुमति दे दी है। सरसों की मौजूदा घरेलू किस्मों की औसत उत्पादकता 1.2 टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि वैश्विक औसत दो से 2.20 टन है। यह दावा किया जा रहा है कि जीएम सरसों की खेती से देश की खाद्य तेल आयात पर निर्भरता कम होगी। देश में 65-70 लाख हेक्टेयर भूमि पर सरसों की खेती की जाती है। जीएस सरसों के समर्थक भले ही अधिक पैदावार के दावे करें, लेकिन देश में जीएम सरसों से अधिक पैदावार देने वाली सरसों की देसी किस्मों भी मौजूद हैं। सिस्टम आफ मस्टर्ड इंटेसीफिकेशन-एसएमआइ तकनीक से मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में 10,000 किसान सरसों की खेती कर रहे हैं, जिनकी पैदावार चार से 4.5 टन प्रति हेक्टेयर है। इसके विपरीत जीएम सरसों डीएमएच 11 की औसत पैदावार 2.6 टन प्रति हेक्टेयर होने के दावे हैं। बिहार, ओडिशा और बंगाल के किसान भी मप्र वाली तकनीक से सरसों उगा रहे हैं। सरसों की चार देसी किस्मों डीएमएच 1, 2, 3, 4 की पैदावार जीएम सरसों से ज्यादा है।

# अनिश्चितता की चपेट में पाकिस्तान, इमरान खान पर हमले के बाद अधर में लटका देश का भविष्य


पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गुरुवार को वजीराबाद में हमला हो गया। हमले के समय इमरान उस कंटेनर में थे, जो इस्लामाबाद की ओर बढ़ रहे उनके लांग मार्च के काफिले का हिस्सा है। इमरान के हजारों समर्थक भी उनके साथ चल रहे हैं। गोली उनके पैर में लगी थी। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पीटीआइ के कुछ और नेता भी घायल हुए हैं। एक कथित हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीटीआइ महासचिव असद उमर के अनुसार इमरान ने हमले के लिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री



शहबाज शरीफ, आंतरिक मामलों के मंत्री राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर को जिम्मेदार बताया है, जिनके बारे में उनका मानना है कि इमरान की हत्या के लिए आइएसआइ से उनकी मिलीभगत है। पाकिस्तान अब एक भारी राजनीतिक संकट में फंस गया है। पीटीआइ का सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा और उनके समर्थक जनरलों के साथ ही पीपुल्स डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन सरकार से तकरार चरम पर पहुंच गई है। देश अब ज्यादा गहरी अनिश्चितता में घिर गया है। पीटीआइ समर्थकों ने देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। यहां तक कि उन्होंने पेशावर में सेना कार्प कमांडर के आवास के बाहर भी प्रदर्शन किया, जो खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में सेना के सबसे वरिष्ठ जनरल हैं। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। अब बड़ा सवाल यही है कि बाजवा और पाकिस्तान सरकार इस संकट से कैसे निपटते हैं। इमरान जल्द चुनाव की मांग पर अड़े हुए हैं। उनका लक्ष्य चुनाव जीतना है और वर्तमान परिस्थितियों में उनकी जीत के आसार दिखते भी हैं। उनकी लोकप्रियता बढ़ी है और हमले के बाद उन्हें सहानुभूति का सहारा भी मिलेगा। इमरान बाजवा के उत्तराधिकारी की नियुक्ति की भी मांग कर रहे हैं। बाजवा ने कुछ दिन पहले ही दोहराया था कि 29 नवंबर को अपने कार्यकाल समाप्ति के बाद वह सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सरकार और बाजवा इमरान की मांगों को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। यदि ऐसा होता है तो बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन शुरू हो सकते हैं। ऐसे प्रदर्शनों से न केवल राजनीतिक दलों में एक दूसरे के विरुद्ध तलवारें खिंचेंगी, बल्कि सेना की दुविधा भी बढ़ेगी, जो खुले तौर पर कोई राजनीतिक रुख लेने से बचना चाहेगी। बाजवा के नेतृत्व में सेना खुद के 'अराजनीतिक' होने का दावा करती आई है। अगर व्यापक हिंसा भड़कती है तो हालात संभालने के लिए सरकार को सेना बुलानी पड़ेगी। कुछ इलाकों में स्थिति काबू से बाहर हुई तो मार्शल ला के आसार भी नकारे नहीं जा सकते। न तो सरकार और न ही सेना चाहेगी कि स्थिति उस स्तर तक बिगड़ जाए। 28 अक्टूबर को जब इमरान खान ने लाहौर से लांग मार्च शुरू किया था तो पाकिस्तान में एक अप्रत्याशित प्रेस कांफ्रेंस हुई। इसे पाकिस्तानी सेना की जनसंपर्क इकाई आइएसपीआर के महानिदेशक बाबर इफ्तिखार और आइएसआइ के मुखिया नदीम अंजुम ने आयोजित किया। अंजुम ने कहा कि वह इसलिए मीडिया में आए, क्योंकि पाकिस्तान के मशहूर पत्रकार अरशद शरीफ की केन्या में हत्या के मामले में परोक्ष रूप से उनकी एजेंसी का नाम लिया जा रहा है। अंजुम ने संकेत दिए कि इमरान ने सेना प्रमुख को कार्यकाल विस्तार देने की बात कही थी, यदि वह उन्हें विपक्षी दलों के खिलाफ मदद पहुंचाते। बाजवा ने यह कहते हुए इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया कि सेना राजनीति नहीं करेगी। ऐसे आरोपों ने सेना और इमरान के बीच कड़वाहट और बढ़ा दी। इस समय यह सवाल उभर रहा है कि इमरान पर हमले के बाद उथलपुथल की स्थिति में क्या प्रधानमंत्री सेना प्रमुख बाजवा से कुछ समय और पद पर बने रहने के लिए कहेंगे? जो भी हो, यह तय है कि शीर्ष जनरल मौजूदा राजनीतिक हालात पर अपने बीच भी परामर्श करेंगे। वे सुनिश्चित करना चाहेंगे कि लोगों का सेना से विश्वास न उठे। सैन्य नेतृत्व इस कारण असहज स्थिति में है, क्योंकि खान ने केवल नेताओं पर ही नहीं, बल्कि मेजर-जनरल रैंक के एक महत्वपूर्ण अधिकारी पर भी आरोप लगाए हैं। ऐसी स्थिति में बाजवा के कुछ समय और पद पर बने रहने की संभावनाओं को खारिज नहीं किया जा सकता। वह और उनके समर्थक जनरल कतई नहीं चाहेंगे कि अगले सैन्य प्रमुख की नियुक्ति में इमरान की कोई भूमिका हो। चुनावों को टालकर ही इसे रोका जा सकता है। वहीं शहबाज भी सेना प्रमुख की नियुक्ति का विशेषाधिकार नहीं छोड़ना चाहेंगे। किसी भी पाकिस्तानी सेना प्रमुख के के दो ही एजेंडे होते हैं। सेना के हितों की रक्षा और दूसरा अपने आतंकियों के साथ ही पाकिस्तान के उस नजरिये को संरक्षित रखना, जिसकी जड़ें द्विराष्ट्र सिद्धांत से जुड़ी हैं। सेना भले दावा करे कि वह स्वयं को संवैधानिक भूमिका में ही सीमित रखेगी, पर वह अपनी राजनीतिक पकड़ नहीं छोड़ना चाहेगी। वह रणनीतिक और सुरक्षा नीतियों पर नेताओं को अंतिम निर्णय करने की गुंजाइश नहीं देगी। पाकिस्तान के लिए यह बड़ी विकट स्थिति है, क्योंकि इस राजनीतिक संकट ने तब दस्तक दी है, जब उसकी अर्थव्यवस्था नाजुक दौर से गुजर रही है। आइएमएफ और अन्य दाताओं की मदद से तात्कालिक स्थिति संभली है, मगर शरीफ सरकार को इस मदद की बड़ी राजनीतिक कीमत अदा करनी पड़ रही है, क्योंकि उसे बिजली और पेट्रोलियम उत्पादों की दरें बढ़ानी पड़ी हैं। इसमें इमरान को राजनीतिक लाभ की स्थिति दिख रही है, जिसका स्वाद उन्होंने उपचुनाव में जीत से चख भी लिया है। लोगों ने बढ़ी हुई कीमतों के लिए मौजूदा सरकार को दोष देना शुरू कर दिया है, जबकि ऐसे हालात इमरान की ही कुछ नीतियों के कारण बने थे। खुद पर हमले के बावजूद इमरान भलीभांति जानते हैं कि यदि उनका राजनीतिक अभियान निस्तेज हुआ और वह सरकार को जल्द चुनाव के लिए मजबूर नहीं कर पाए तो पीडीएम को अपनी गंवाई जमीन हासिल करने का समय मिल जाएगा। इमरान ऐसा नहीं चाहेंगे। ऐसे में अगले कुछ दिन अस्थिर रहने वाले हैं और पाकिस्तान का भविष्य कुछ अधर में लटका दिखाई देता है।

# आरोप पर बोले केंद्रीय मंत्री तोमर राज्य सरकारों को पराली को जलाने से रोकने के लिए करना चाहिए काम

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को लेकर अब सियासत शुरु हो गई है। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर भाजपा और के बीच जुबानी जंग जारी है। इस मामले को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, पराली जलाना राजनीतिक मुद्दा नहीं है, राज्य सरकारों को इसे रोकने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, केंद्र द्वारा राज्यों को धन और मशीनें उपलब्ध कराने के बावजूद पराली जलाने की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तर भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार का भी बचाव किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह जानबूझकर दर्शाया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के लिए केवल पंजाब और आप ही जिम्मेदार हैं। दूसरी ओर पराली के मुद्दे पर हरियाणा व पंजाब आमने-सामने हैं। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि पराली से प्रदूषण के लिए सिर्फ पंजाब जिम्मेदार नहीं है। हरियाणा में भी पराली जल रही है। पंजाब के मुकाबले हरियाणा के शहर ज्यादा प्रदूषित हैं। केंद्र की भाजपा सरकार जानबूझ कर पंजाब के किसानों को टारगेट कर रही है। भगवंत मान के इस बयान पर हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ने





पलटवार किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पराली जलाने के मुद्दे पर केंद्र सरकार द्वारा पंजाब व दिल्ली को जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बात-बात पर पंजाब के किसानों को दोषी ठहराती है। जब पंजाब ने पराली के स्थायी समाधान के लिए प्रस्ताव दिया तो केंद्र सरकार ने इसमें हमारी मदद नहीं की। एक वीडियो संदेश में भगवंत मान ने कहा कि पिछले कई दिनों से पराली पर प्रदूषण की राजनीति हो रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र की भाजपा सरकार मदद करने के बजाय पंजाब के किसानों को बदनाम कर रही है, जबकि हरियाणा-यूपी के शहर प्रदूषित शहरों की सूची में हैं। भगवंत मान ने कहा कि फसल लेते वक्त पंजाब का किसान अन्नदाता बन जाता है, जबकि अन्न लेने के बाद किसानों को खरीखोटी सुनाई जा रही है। मनोहर लाल ने कहा कि पराली जलाने का हल निकालने के बजाय पंजाब के मुख्यमंत्री आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं। वह किसानों को भड़का रहे हैं। उन्हें केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगाने के बजाय हरियाणा की तरह किसानों को राहत देकर पराली प्रबंधन करना चाहिए। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में इस साल 25 प्रतिशत की कमी आई है। इस साल अब तक हरियाणा में पराली जलाने की महज 2249 घटनाएं सामने आई हैं, जबकि पंजाब में इन घटनाओं में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पंजाब में अब तक पराली जलाने की 21 हजार 500 घटनाएं सामने आई हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता पहले तो फ्री की घोषणाएं करते हैं और फिर उन्हें पूरा करने के लिए केंद्र सरकार की तरफ देखते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहले दिल्ली में प्रदूषण के लिए पंजाब और हरियाणा के किसानों को दोषी मानते थे और अब यह दोष सिर्फ हरियाणा के किसानों पर लगाया जा रहा है। यही हाल दिल्ली में यमुना का है जिसमें प्रदूषण इतना ज्यादा है कि वह नाला बन कर रह गई है। आम आदमी पार्टी की सरकारों को चाहिए कि वह तुच्छ राजनीति करने की बजाए कुछ काम करके दिखाए ताकि जनता का भला हो सके मनोहर लाल ने कहा कि पराली जलने की घटनाओं की मानिटिरिंग सेटेलाइट से होती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पंजाब सरकार राज्य में पराली प्रबंधन में पूरी तरह से फेल हुई है। अब वह अपनी नाकामी का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रही है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पंजाब सरकार को किसानों को पराली न जलाने के लिए हरियाणा की भांति प्रोत्साहित राशि देनी चाहिए न कि उसे केंद्र सरकार या किसी और पर निर्भर रहना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सिपाही को चाकू मारकर रायफल लूटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सुल्तानपुर।** बदमाश ने सिपाही को चाकू मारकर लूट ली राइफल



सुल्तानपुर रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर हुई चाकूबाजी और लूट की घटना। बताया जाता है कि घायल सिपाही को रेलवे पुलिस ने सुल्तानपुर जिला अस्पताल भर्ती कराया है ।वही खबर लिखे जाने तक अभियुक्त का पता नहीं चल सका है। एसओ जीआरपी नीतेंद्र शुक्ला ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है।घायल सिपाही का उपचार हो रहा है।

### एचपी पैट्रोल पंप गीता फिलिंग स्टेशन के संचालक का सराहनीय कार्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर ।** रीवा नेशनल हाईवे बाईपास के पास स्थित है एचपी पैट्रोल पंप गीता फिलिंग स्टेशन के संचालक विक्रांत कुशवाहा का सराहनीय कार्य पेट्रोल पंप से जुड़े अपने सभी ग्राहकों को जो प्रतिदिन डीजल पेट्रोल की




भर्ती गीता फिलिंग स्टेशन से करते हैं उन्हें दीपावली त्यौहार में उचित उपहार देकर सम्मानित किया है।

### युवक ने जलती स्कूटी से कूदकर जान बचाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** सेक्टर-78 सिविटेक स्टेडिया सोसाइटी के सामने बुधवार दोपहर को डिलीवरी ब्वॉय की इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। युवक ने ई-स्कूटी से कूदकर अपनी जान बचाई। फिर दमकल विभाग को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच तो स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि सोरखा निवासी चंद्रप्रकाश सेक्टर-80 स्थित बिग बॉस्केट स्टोर पर डिलीवरी ब्वॉय के तौर पर काम करता है।

# सपा ने लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सेक्टर 102



स्थित भंगेल सपा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। सपा के निवर्तमान महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे व व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें सरदार पटेल के प्रेरणादायी जीवन पर सभी वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए राघवेंद्र दुबे ने कहा कि देश के प्रथम गृहमंत्री रहे सरदार पटेल ने आजादी के बाद पांच सौ से अधिक रियासतों का आजाद हिंदुस्तान में विलय कराकर देश की एकता अखंडता को सुद्रण किया। उन्होंने देश की एकता अखंडता के लिए आजीवन कार्य किया। बैरस्टिर की पढ़ाई करने के बाद गांधी जी से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और देश की स्वतंत्रता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। हम सभी उनकी जयंती पर देश के लिए किए गए योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल,पुष्पेंद्र बंसल, सौरभ जिंदल, देव दुबे , उमेश मिश्रा, सुबोध गोयल, प्रशांत गोयल, बबलू चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सोना 146 रुपये टूटा, चांदी में 794 रुपये की गिरावट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में कमजोरी के रुख और रुपये के मूल्य में सुधार के कारण दिल्ली



सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 146 रुपये की गिरावट के साथ 50,612 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी. इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,758 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था. राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत भी 794 रुपये की गिरावट के साथ 57,305 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई. अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,641.8 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी गिरावट के साथ 19.08 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी. घरेलू शेयर बाजार में तेजी का होना थाः अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार के आरंभिक कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे सुधरकर 82.32 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर जा पहुंचा. इसका कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में तेजी का होना था. एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''सोने की कीमतों में गिरावट का रुख है और यह दशक के सबसे लंबी मासिक गिरावट के दौर में है. अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के बढ़ने और डॉलर इंडेक्स के मजबूत होने से सोने के हाजिर भाव का परिदृश्य कमजोर प्रतीत होता है।

# मैहर श्रद्धा सरस्वती उ.मां.वी लखनपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में इस अवसर पर बघेली नृत्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक, सबसे ऊंचा हमारा सरदार नृत्य, सुदामा चरित्र नाटक और निबंध प्रतियोगिताओ साथ मे नशा मुक्ति होने का संदेश लोगों को दिया गया। सिंह, प्रधानाचार्य पुष्पा सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धा सरस्वती उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं व विद्यालय स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई कार्यक्रम के मुख्य लाल पटेल, जितेन कुशवाहा इंद्रपाल पटेल। स्कूल के सभी बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम रंगमंच में प्रस्तुत किया गया प्राची गौतम, रचना मिश्रा, अंशिका सिंह, खुशी सिंह,नैंशी शुक्ला, शिवानी पटेल, सात्येंद्र,ईश्वरदीन,अभाया प्रताप,स्वाति, शिवांगी, हेमंत, अंजलि,कारण, देवांशु, अनुराग,




विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के आयोजक श्रद्धा सरस्वती उ.मा.विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह प्रचार्य मणिराज अतिथि रही सुश्री साधना पटेल अध्यक्ष नगर परिषद चित्रकूट. आकांक्षा लोधी अध्यक्ष जनपद पंचायत मैहर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे श्रीमती गीता सोनी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मैहर, संतोष सोनी सांसद प्रतिनिधि मैहर,देवदत्त सोनी सदस्य जिला पंचायत सतना, सत्यभान सिंह पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष मैहर, रितु कॉल सभापति नगर पालिका मैहर,अमृत काजल, पार्वती, शालिनी, नेहा, मांडवी, अपना-अपना नृत्य दिखाकर लोगों का मन मोह लिया लोगों को मूकदर्शक बना दिया मैं वापस आऊंगा मैं वापस आऊंगा का सॉन्ग बच्चों के द्वारा किया गया नाटक है लेकिन एक पल के लिए ऐसा लग रहा था सचमुच तिरंगे से लिपटी हुई किसी सैनिक की बॉडी आ गई हो बच्चों ने अपने अपने कला दिखाकर लोगो का मन मोहा।

### जेवर कभी अपराध का गढ़ माना जाता था, आज वहां से विकास का रास्ता निकला- योगी आदित्यनाथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1,670 करोड़ रुपए की विकास योजनाएं आम आदमी को समर्पित की हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा आप लोगों को याद होगा जेवर को अपराध का गढ़ माना जाता था। मुझे याद है, सरकार के पहले साल की जुलाई महीने की वह विभत्स घटना, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया था। माफिया, गुंडे और दुष्कर्मी हावी थे। मैंने तभी तय कर लिया था कि इन माफियाओं और गुंडों को सबक सिखाना होगा। इन्हें जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। इसके बाद हमने गुंडों और माफियाओं पर कड़ा प्रहार करना शुरू किया। उनके खिलाफ दृढ़ इच्छा शक्ति से आगे बढ़े। जिसका परिणाम आपने देखा है ना केवल जेवर और गौतमबुद्ध नगर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश से माफियाओं का सफाया कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि आज उसी जेवर से विकास का रास्ता होकर निकला है। जेवर में ना केवल भारत का बल्कि दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बन रहा है।

# बछड़े की जान बचाकर मानवता का दिया परिचय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**झाँसी।** सनातन धर्म में गौमाता को विशेष महत्व दिया जाता है यहां तक कि माँ का दर्जा दिया



जाता है। घर में बनने वाली पहली रोटी गाय को ही खिलाई जाती है बस यही पुण्य कर्म करने विश्व हिन्दू महासंघ एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव सर्व नगर मिशन कम्पाउण्ड स्थित मंदिर गए थे। जहां उन्होंने देखा एक गाय के बछड़े के गले में रस्सी जलधि हुई थी जिससे गहरा घाव हो गया। सौरभ ने गाय के बछड़े के गले से रस्सी अलग कर पशु चिकित्सालय पहुँचाया डॉक्टरों के प्रयास से बछड़े की जान बच गयी डॉक्टर ने बताया बछड़े की गर्दन में रस्सी की वजह से घाव हो गया था जिसमें कीड़े पड़ गये थे यदि समय पर बछड़े को इलाज ना मिलता तो जान भी जा सकती थी नियमित इलाज से बच्चा सुरक्षित है सौरभ भी नियमित रूप से बछड़े का हालचाल पूछने अस्पताल जाते रहते हैं। इस पावन कर्म में सौरभ के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल झाँसी के कोषाध्यक्ष रामजी गुप्ता एवं अनुपम शुक्ला भी सम्मिलित रहे।

# ब्राजील को नया राष्ट्रपति मिल गया है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ब्राजील को नया राष्ट्रपति मिल गया है। दक्षिणपंथी विचारधारा रखने वाले मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को हराकर लुइज इनासियों लूला डा सिल्वा ने जीत हासिल कर ली है। लूला ने अपनी जीत के बाद विजयी भाषण में शांति और एकता का आह्वान भी किया। लूला ब्राजील के राष्ट्रपति बने इसके लिए देश की जनता ने भी उनका पूरा समर्थन किया। अधिकांश चुनावों के सर्वे के मुताबिक, लूला फिर से देश के राष्ट्रपति चुने जाने वाले पंसदीदा उम्मीदवार थे। बता दें कि लूला को 50.8 प्रतिशत वोट मिले तो वहीं बोल्सोनारो को केवल 49.2 प्रतिशत वोट ही हासिल हुए। वामपंथी विचारों वाले लूला पहले भी ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके है और अब एक दशक बाद राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने एक आश्चर्यजनक वापसी की है। कौन है लूला और क्या उनकी वापसी से ब्राजील की मौजूदा स्थिति बदलेगी लुइज इनासियों लूला डा सिल्वा को लूला के नाम से भी जाना जाता है। 77 वर्षीय लूला वामपंथी विचार रखते है और तीन साल पहले वे भ्रष्टाचार के मामले में



सजा काट रहे थे। सजा के दौरान उन्हें चुनाव से दरकिनार कर दिया गया था। इससे पहले वर्ष 2002 में लूला, ब्राजील के पहले श्रमिक वर्ग के अध्यक्ष बने थे। 2010 में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद लूला ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया। उस दौरान लूला 90 प्रतिशत के करीब अनुमोदन रेटिंग के साथ बेहद लोकप्रिय माने जाते थे। लूला 2003 से 2010 के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। लूला ने अपने राजनीतिक करियर में छठी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ा था। उन्होंने पहली बार 1989 में ब्राजील के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था। लूला की वर्कर्स वार्टी (पीटी) वर्ष 2018 में भ्रष्टाचार के मामले फंस गई और उन्हें तीन साल तक की सजा काटनी पड़ी। इस दौरान उन्हें चुनावों से बिल्कुल दुर कर दिया गया था। बता दें कि लूला पर ब्राजील को मंदी में डूबाने का आरोप लगा था। ये तीन वर्ष लूला के काफी कठिनाइयों में बीते। भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण उन्हें 2018 में जेल में डाल दिया गया था और चुनाव में भाग लेने पर भी रोक लगा दी गई थी। वर्ष 2019 में दक्षिणपंथी विचारधारा रखने वाले जायर बोल्सोनारो ने देश के राष्ट्रपति पद की कमान संभाली। राष्ट्रपति चुनाव में बोल्सोनारो को बड़ी जीत हासिल हुई थी।भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण लूला को सजा के तौर पर 580 दिनों की कैद हुई थी। लूला की सजा 2019 के अंत में समाप्त कर दी गई थी। लूला की सजा इस आधार पर रद कर दी गई थी कि उन्हें दक्षिणपंथी न्यायाधीश सर्जियो मोरो द्वारा गलत तरीके से पेश किया गया था। बता दें कि लूला ने जायर बोल्सोनारो को हराने की कसम खाई थी और अपनी जीत के बाद उन्होंने कहा कि ठदुनिया की अब तक की सबसे बड़ी शांतिपूर्ण क्रांतिठ।

# भाजपा महिला मोर्चा का एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा ।** भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी की अध्यक्षता मे सेक्टर 116, भाजपा कार्यलय, नोएडा मे प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस सत्र के प्रारम्भ मे जिले और मंडल की पदाधिकारी बहनो ने गीता ने इस सत्र मे प्रचीन काल से लेकर वर्तमान समय मे राजनीति और समाज मे महिलाओं की भूमिका और उनके सम्मान पर प्रकश डाला। उन्होंने यह भी बताया समाज मे धीरे धीरे किस प्रकार महिलाओं की समाज मे भागीदारी कम होती गई। शाक्या ने श्रीमती क्रितिका अग्रवाल ने भारतीय राजनीति मे महिलाओं का योगदान विषय पर वस्तृत रूप से प्रकाश डाला सत्र के चौथे और अंतिम सत्र को उत्तर प्रदेश की सोशल मिडिया प्रमुख श्रीमती सुचित्रा पाठक ने सम्बोधित किया




मोदी जी के मन की बात सुनी। मन की बात कार्यक्रम मे उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवम् सांसद श्रीमती गीता शाक्या उपस्थित रही।प्रशिक्षण सत्र को चार चरणो मे विभाजित किया गया था। प्रथम चरण मे सत्र की वक्ता एवम् उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती गीता सक्या ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारम्भ किया। ये भी बताया कि किस प्रकार भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार महिलाओं की मान सम्मान के लिए प्रतिबध्य है और निरंतर प्रयास कर रही है। द्वितीय सत्र की मुख्य वक्ता एवम क्षेत्रिय मंत्री श्रीमती उदिता त्यागी ने भजपा के इतिहास से सभी को अवगत कराया। तृतीय सत्र की मुख्य वक्ता एवम् क्षेत्रीय मंत्री और नविन राष्ट्र निर्माण में हो रहे कार्यो के साथ साथ केन्द्र सरकार की नीतियों पर वस्तृत प्रकाश डाला।इस प्रशिक्षण वर्ग मे जिले की महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, मिडिया प्रभारी, सोशल मिडिया प्रभारी, मंत्री, कार्यलय प्रभारी, के साथ मंडल अध्यक्ष और महामंत्री की उपस्थिति रही।

# ब्राजील में अब वामपंथी सरकार, लूला ने मौजूदा राष्ट्रपति बोल्सोनारो को हराया

**साओ पाउलो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला डा सिल्वा ने रविवार को मौजूदा राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को हरा दिया है। लूला ने आश्चर्यजनक वापसी करते हुए देश की दक्षिणपंथी सरकार के अंत को चिह्नित किया। एक दशक के बाद लूला ने बोल्सनारो के 49.2 फीसद वोटों की तुलना में 50.8 फीसद वोट



पाकर चुनाव जीत लिया है। बता दें कि अधिकांश चुनावों के सर्वे में भी लूला फिर से चुने जाने के लिए पसंदीदा उम्मीदवार थे। बोल्सोनारो ने 2 अक्टूबर को पहले दौर के मतदान में जनमत सर्वे से बेहतर प्रदर्शन किया था, लेकिन उनका जीतना मुश्किल माना जा रहा था। इससे पहले 2 अक्टूबर को स्थानीय मीडिया के अनुसार कोई भी उम्मीदवार पहले दौर में जीतने के लिए आवश्यक 5 प्रतिशत अंक हासिल नहीं कर सका था। विशेष रूप से, इस साल के चुनावों में 156 मिलियन से अधिक लोगों को वोट डालने की अनुमति मिली थी, जो कि एक रिकार्ड था। बता दें कि 76 वर्षीय लूला ने बोल्सोनारो को पद से हटाने के लिए अपने अभियान में अपनी पिछली उपलब्धियों पर गिनाया था। उनके चनावी अभियान में एक नई कर व्यवस्था का वादा किया गया था जो उच्च सार्वजनिक खर्च की अनुमति देगा। उन्होंने देश में भूख खत्म करने का संकल्प भी लिया है। लूला का विवादों से एक अलग रिश्ता है। वे 2017 में सरकारी तेल कंपनी पेट्रोब्रास में व्यापक ऑपरेशन कार वॉश जांच से उपजे आरोपों में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए दोषी ठहराए गए थे। लेकिन दो साल से कम समय के बाद सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश ने मार्च 2021 में लूला की सजा को रद्द कर दिया था, जिससे उनके लिए छठी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया था।

# बिजली मीटर रीडिंग लेने आने वालों से पहले मांगें आईडी कार्ड

## योगी सरकार ने बिजली चेकिंग की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए जारी किए दिशा निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** बिजली की मीटर रीडिंग लेने आने वालों द्वारा कुछ अवांछनीय घटनाओं को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण दिशा निर्देश



जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों में उपभोक्ताओं के अधिकार सुनिश्चित किए गए हैं तथा बिजली चेकिंग की व्यवस्था पारदर्शक बनाने का प्रयास किया गया है। इसके अंतर्गत अब उपभोक्ता मीटर रीडिंग लेने आने वालों का परिचय पत्र देख सकेंगे, मीटर रीडिंग लेते वक्त उसके साथ फोटो खींच सकेंगे। इसके अलावा मीटर रीडर के लिए भी तत्काल रीडिंग अपलोड करने समेत कुछ अन्य सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने खुद इस शासनादेश की प्रति को ट्वीट के माध्यम से साझा किया है। यूपीपीसीएल के महाप्रबंधक द्वारा यह शासनादेश मुख्यतः लखनऊ, कानपुर, मेरठ, वाराणसी एवं आगरा विद्युत वितरण निगम लि. के लिए जारी किया गया है। निगरानी बढ़ाने के निर्देश शासनादेश में कहा गया है कि विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत चेकिंग के नाम पर भ्रम में डालकर या डराकर अवांछनीय तत्वों द्वारा अनुचित लाभ लेने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उपभोक्ताओं के हित का संरक्षण करने के लिए एवं उन्हें किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाने हेतु उपभोक्ताओं को सतर्क करके निगरानी बढाया जाना आवश्यक है एवं साथ ही निगमीय अधिकारियों / कार्मिकों द्वारा भी जांच करते समय सावधानियां बरता जाना आवश्यक है उपभोक्ता रखें सावधानियां जब भी कोई चेकिंग टीम / व्यक्ति विद्युत संयोजन की जांच करने आते हैं, तो सब से पहले उनका पहचान-पत्र (आईडी कार्ड) मांग कर अवश्य देखा जाए। मीटर की चेकिंग के समय चेकिंग टीम के साथ अपनी जियोटैग फोटो इस प्रकार लें कि मीटर की रीडिंग के साथ तिथि व समय भी फोटो पर अंकित हो जाए। जियो फोटो पर लोकेशन, तारीख, दिनांक आदि विवरण अंकित रहता है। जियोटैग फोटो हेतु मोबाइल में प्ले स्टोर पर इसके लिये अनेक एप निशुल्क उपलब्ध है। जांच के विषय में किसी भी प्रकार की शंका / समस्या या शिकायत होने पर टॉल फ्री नम्बर 1912 पर सम्पर्क करें। आवश्यक होने की स्थिति में चेकिंग टीम के सदस्यों से उनके निगमीय कार्यालय में ही मिले। चेकिंग टीम भी रहे सतर्क जब भी कोई चेकिंग टीम / कार्मिक विद्युत संयोजन की जांच करने जाएं तो सबसे पहले उपभोक्ता को अपना पहचान-पत्र (आईडी कार्ड) अवश्य दिखाएं एवं अपनी तैनाती का पूर्ण विवरण बतायें। चेकिंग करते समय यदि उपभोक्ता चेकिंग टीम के साथ फोटो लेना चाहता है, तो उसका पूर्ण सहयोग किया जाये। चेकिंग के बाद मौके पर ही जांच आख्या निर्धारित प्रारूप में आए पोर्टल पर कारपोरेशन के निर्देशों के अनुसार अपलोड कर दिया जाय। जांच के बाद यदि और कोई जानकारी लेने हेतु उपभोक्ता को पुनः बुलाना आवश्यक हो तो उसे निगमीय कार्यालय में ही बुलाएं एवं सम्पर्क का स्थान और दूरभाष नम्बर से उपभोक्ता को अवगत कराने के साथ-साथ अपने उच्च अधिकारियों का दूरभाष नम्बर भी उपभोक्ता को अवश्य उपलब्ध कराये। कृपया अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उनके द्वारा रखे जाने वाली सावधानियों से सूचित करने एवं चेकिंग टीम के अधिकारियों कार्मिकों को उनके द्वारा अनुपालन किये जाने वाले निर्देशों से अवगत कराएं।

# एस एस धौनी ने आइपीएस अधिकारी के खिलाफ मद्रास हाई कोर्ट में दायर की याचिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एस एस धौनी ने आइपीएस अधिकारी के खिलाफ मद्रास हाई कोर्ट में दायर की याचिकाएस एस धौनी ने तर्क दिया है कि आइपीएल अधिकारी ने सुप्रीम किया और विशेष जांच दल को इसे उपलब्ध नहीं कराया। एस एस धौनी ने कहा कि संपत ने आरोप लगाया कि सीलबंद कवर प्रदान नहीं करने में सुप्रीम कोर्ट का एक मकसद है। यह भी आरोप लगाया गया कि संपत ऐसे अन्य आदेशों के तहत वर्तमान आवेदन दायर किया गया है। आपको बता दें कि आइपीएल 2013 में स्पाट फिक्सिंग और सट्टेबाजी से जुड़ा मामला सामने आया था। इस केस को संपत कुमार लीड कर रहे थे और



कोर्ट और मद्रास उच्च न्यायालय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की जो न्यायिक प्रणाली में आम आदमी के विश्वास को झकझोरने में सक्षम है और ये एक अपराध है। संपत कुमार ने कथित तौर पर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति मुद्गल समिति (2013 आइपीएल में मैच फिक्सिंग की स्वतंत्र जांच के लिए गठित) की रिपोर्ट के कुछ हिस्सों को सीलबंद लिफाफे में रखने का फैसला ने मद्रास उच्च न्यायालय का अनादर किया और उसे बदनाम किया साथ ही महाधिवक्ता के कार्यालय और मद्रास उच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकीलों के खिलाफ भी आरोप लगाए।अब आपराधिक अवमानना की कार्यवाही हेतु महाधिवक्ता के कार्यालय से आवश्यक सहमति प्राप्त करने के बाद अदालत की अवमानना अधिनियम 1975 की धारा 15 के तहत अधिकारी को दंडित करने और न्याय के हित में उन्होंने धौनी पर भी टिप्पणी की थी। जिसके बाद धौनी ने कहा था कि आइपीएस अधिकारी संपत कुमार मेरे ऊपर स्पाट फिक्सिंग को लेकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा था कि वह मेरे खिलाफ झूठी खबरें और गलत बयान दे रहे हैं साथ ही उन्होंने हर्जाने के तौर पर कोर्ट से इसके लिए 100 करोड़ रुपए की मांग भी की थी।

# इंग्लैंड का मुकाबला श्रीलंका से, करो या मरो की स्थिति में अंग्रेज; कब और कहां देखें मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2022 सुपर-12, ग्रुप 1 में आज इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच खेला जाएगा। यह मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारतीय समयानुसार 5 नवंबर को मुकाबला है। अगर श्रीलंका की जीत होती है तो ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाइ कर जाएगा। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचना है तो उसे बेहतर नेट रन रेट से जीतना होगा। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच सुपर-



दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड के लिए यह करो या मरो की मुकाबला है। अगर श्रीलंका की जीत होती है तो ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाइ कर जाएगा। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचना है तो उसे बेहतर नेट रन रेट से जीतना होगा। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच खेला जाएगा। यह मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारतीय समयानुसार 5 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड के लिए यह करो या मरो की 12 का यह मैच को आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। आप इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग हॉटस्टार पर देख सकते हैं। यदि आप इस मैच को फ्री में देखना चाहते हैं तो डीडी स्पोर्ट्स के फ्री डिश चैनल पर देख सकते हैं। इसके अलावा मैच से जुड़ी अपडेट के लिए आप दैनिक जागरण वेबसाइट को पढ़ सकते हैं।

# रवींद्र जडेजा को निकालने की तैयारी में थी सीएसके, लेकिन धौनी की इस बात के बाद बदल दिया फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आइपीएल 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए कप्तानी करने वाले आलराउंडर आइपीएल 2023 में इस टीम का हिस्सा बने रह सकते हैं। हालांकि इससे पहले ऐसी खबरें सामने आ रही थी कि रवींद्र जडेजा अब अगले सीजन में शायद ही सीएसके टीम का हिस्सा बने रहें। आइपीएल के अगले सीजन के लिए इस साल दिसंबर में मिनी निलामी का आयोजन किया जा सकता है और ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि जडेजा सीएसके फ्रेंचाइजी से बाहर हो सकते हैं। टाइम्स आफ इंडिया की रिपोर्ट के



मुताबिक हाल के दिनों में रवींद्र जडेजा और सीएसके फ्रेंचाइजी के बीच मतभेद थे, लेकिन इसके बावजूद जडेजा के इस फ्रेंचाइजी की के साथ बने रहने की संभावना है। दरअसल 2011 में भारत को वनडे वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान एम एस धौनी का मानना है कि रवींद्र जैसा प्रभाव और उनकी जगह कोई अन्य खिलाड़ी नहीं ले सकता है। आपको बता दें कि जडेजा सीएसके के लिए सातवें नंबर पर अच्छे बल्लेबाज रहे हैं साथ ही टीम के लिए गेंदबाजी और फील्डिंग में भी अच्छा योगदान दिया है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक रवींद्र जडेजा को पहले आइपीएल 2022 में टीम का कप्तान बनाया गया और जब टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं था तब जिस तरह से कप्तानी में बदलाव किया गया उससे वो संतुष्ट नहीं थे। वहीं इस साल की शुरुआत में उन्होने सीएसके से संबंधित सभी पोस्ट सोशल मीडिया अकाउंड से हटा दिए थे और इससे साफ हो गया था कि वो इस फ्रेंचाइजी से खुश नहीं थे। जडेजा के इस एक्शन के बाद कयास लगाया जा रहा था कि सीएसके अब नए सीजन से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अक्षर पटेल को टीम में लेने के लिए बात कर सकती है। इसके अलावा भी टीम अन्य विकल्पों पर विचार करते हुए अन्य टीमों से संपर्क कर चुकी है, लेकिन एम एस धौनी चाहते हैं कि रवींद्र जडेजा इस टीम के साथ बने रहें। इसके अलावा धौनी ने टीम प्रबंधन के सामने साफ कर दिया है कि वो जडेजा जैसे कैलिबर वाले खिलाड़ी को कहीं और नहीं जाने दें। हालांकि जडेजा और फ्रेंचाइजी के बीच काफी लंबे वक्त से कोई संबंध नहीं है, लेकिन धौनी के इस बयान के बाद अब आइपीएल 2023 के लिए इस टीम का हिस्सा बने रह सकते हैं।

# इंडिया और जिम्बाब्वे मैच बारिश के चलते रद्द हुआ तोष्ठक्या भारत सेमीफाइनल से बाहर हो जाएगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत को एक मात्र बचे मुकाबले में जिम्बाब्वे को हराना होगा। भारत ने बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइनल में क्वालीफाइ करने की उम्मीदों को बल दिया था। अगर भारत जिम्बाब्वे के खिलाफ भिड़ेगा। टी20 विश्व कप के टूर्नामेंट के ग्रुप-2 में भारत फिलहाल 6 प्वाइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। जबकि दक्षिण अफ्रीका 5 प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है और पाकिस्तान 4 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर। अगर जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का मैच 5-5 ओवर



जीत हासिल करता है तो वह ग्रुप-2 में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइ कर जाएगा। अगर बारिश के चलते मैच रद्द होता है ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे टी20 विश्व कप में बारिश कई टीमों के लिए सबसे बड़ी विलेन साबित हुई। हालांकि ग्रुप-2 की टीमों को बारिश से ज्यादा परेशानी नहीं हुई, लेकिन ग्रुप-1 में न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के मैच तक रद्द हो गए। इससे सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन में कई बड़े उलटफेर हुए। रविवार 6 नवंबर को इंडिया सेमीफाइनल में अपनी सीट पक्की करने के लिए जिम्बाब्वे से का होता है या नहीं होता है तो दोनों टीमों को एक-एक प्वाइंट्स दे दिया जाएगा। ऐसे में भारत 7 प्वाइंट्स के साथ टॉप पर ही रहेगा। अगर साउथ अफ्रीका नीदरलैंड को हरा देता है तो वह बेहतर नेट रन रेट के साथ टॉप पर पहुंच जाएगा। भारत अगर जिम्बाब्वे के खिलाफ हार जाता है तो साउथ अफ्रीका बेहतर नेट रन रेट होने के चलते टॉप पर आ जाएगा। अगर साउथ अफ्रीका, नीदरलैंड को हरा देता है तो वह टॉप रहते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइ कर जाएगा। साथ ही पाकिस्तान अगर बांग्लादेश को हरा देता है तो इस स्थिति में पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ जाएंगी।

# विराट कोहली के जन्मदिन पर इस खास अंदाज में चाहने वालों ने किया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विराट कोहली का जन्मदिन है। वह आज 34 साल के हो गए। इस खास मौके पर उनके चाहने वालों ने उन्हें खास अंदाज में शुभकामनाएं दी। इनमें क्रिकेट के फैंस और पूर्व भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। बता दें कि टी20 विश्व कप 2022 में विराट कोहली का बल्ला खूब चल सुरेश रैना ने लिखा, जन्मदिन की बधाई भाई, आने वाले साल में आपका स्वास्थ्य और कई सारे शतक के लिए, लोगों को मोटिवेट करने के लिए बधाई।भारत के बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्विटर पर एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जन्मदिन की बहुत सारी शुभकामनाएं। तेज गेंदबाज उमेश यादव ने लिखा, भगवान आपको



रहा है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में ही उनके बल्ले से रन नहीं बने। बाकी तीनों मैच में हाफ सेंचुरी लगाई है। बीसीसीआइ ने अपने ट्विटर हैंडल पर विराट कोहली को बधाई देते हुए लिखा, 477 इंटरनेशनल मैच, 24350 रन, 2011 विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्राफी विजेता को जन्मदिन की बधाई।भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज स्वस्थ रखें। पूर्व तेज गेंदबाज विनय कुमार ने लिखा, समर्पण् दृढ़ संकल्प् अनुशासन् विराट कोहली, जन्मदिन की हार्दिक बधाई।टीम इंडिया के दिनेश कार्तिक ने ट्वीट कर लिखा, जब कोई विश्ववास नहीं करता तो वह करता है, जन्मदिन की बधाई। हार्दिक पांड्या ने ट्वीट कर कहा, जन्मदिन मुबारक भाई, बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं।



# राशीफल



**मेष-:**इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा।

**वृष-:**इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर नजर आ रहे हैं।

**मिथुन-:**मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**कर्क-:**सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। संतान सुख मिलेगा।

**सिंह-:**सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या-:**इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**तुला-:**नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।


**धनु-:**परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर-:**नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**कुंभ-:**आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**मीन-:**साहस के साथ चळ्तौतियों को स्वीकार करें। अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराने अथवा परिस्थितियों को दोष देना सरल है, किंतळ् सूझबूझ से उनका सामना करने पर ही जीवन में तरक्की का मार





# टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल और फाइनल मैच को लेकर आइसीसी ने बदल दिए कई नियम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 का रोमांच इस वक्त पूरी दुनिया पर छाया हुआ है और अभी सुपर 12 के मुकाबले खेले जा रहे हैं। कुल 12 किया है। आइसीसी ने सेमीफाइनल और फाइनल के लिए बदला नियम पहले ऐसा होता था कि अगर बारिश या अन्य किसी कारण से मैच पूरा नहीं हो पाता था, और दोनों टीमें कम है कि इन मैचों में कम से कम 10 ओवर खेले जाएंगे तभी डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर फैसला किया जाएगा। यानी अब 5 की जगह 10 ओवर का मैच होने के बाद ही ये




टीमों में से चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और इनमें से दो टीम फाइनल में पहुंचेगी। अब आइसीसी ने इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले से पहले अपने एक नियम में बदलाव से कम 5-5 ओवर खेल चुकी होती थीं तो मैच का फैसला डकवर्थ-लुईस के नियम के आधार पर कर दिया जाता था। वहीं अब इस टी20 वर्ल्ड कप के लिए आइसीसी ने अपने नियम में बदलाव किया है और उसका कहना नियम लागू किया जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दौरान कई मैच बारिश की वजह से रद कर दिए गए और दोनों टीमों में बराबर अंक बांट दिए गए थे। वहीं कुछ मैच ऐसे रहे जिसमें 5 ओवर से ज्यादा खेल होने की वजह से डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर फैसला किया गया जिसमें उदाहरण के तौर पर भारत-बांग्लादेश का भी एस मैच शामिल था। वहीं अब आइसीसी ने फैसला किया है कि सेमीफाइनल और फाइनल में कम से कम 10 ओवर होने के बाद ही मैच ना होने की परिस्थिति में डकवर्थ-लुईस नियम को लागू किया जाएगा। वहीं एक बार टास होने के बाद टीम में कोई बदलाव नहीं होगा और मैच बारिश या किसी अन्य वजह से जहां रुकेगा रिजर्व डे में वही से शुरू होगा। एक बार टास हो गया तो फिर कोई टीम चेंज नहीं होगी और जहां से मैच रुकेगा रिजर्व डे में वहीं से चालू होगा। इसके अलावा अगर सेमीफाइनल मैच रिजर्व डे में भी नहीं खेला गया तो ग्रुप में पहले नंबर पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। अगर सेमीफाइनल रिजर्व डे में भी हुआ ही नहीं तो ग्रुप में पहले नंबर पर रहने वाली टीम जीतेगी। आपको बता दें कि आइसीसी ने इस बार सेमीफाइनल और फाइनल मैचों के लिए रिजर्व दिन भी रखा है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का पहला सेमीफाइनल मैच सिडनी में 9 नवंबर को खेला जाएगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच एडिलेड ओवल में 10 नवंबर को खेला जाएगा। वहीं फाइनल मैच का आयोजन मेलबर्न में 13 नवंबर को किया जाएगा। ये सारे में भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1.30 से होंगे।


# रोहित और विराट तय करेंगे खुद का भविष्य, विश्व कप के बाद टी-20 टीम में होने हैं बदलाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप खेल रही भारतीय टीम में 10 खिलाड़ी 31 साल से बड़े हैं और जिसमें का कप्तान हार्दिक पांड्या को बनाया है तब से यह भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या रोहित शर्मा इस फार्मेट में आगे कप्तान रहेंगे? क्या विराट क्या हो। अश्विन को बड़ी मुश्किल से पिछले और इस विश्व कप में खेलने का मौका मिला है। वह अब आइपीएल खेलते हुए ही नजर आएंगे। फूंक-



से कई इस टूर्नामेंट के बाद टीम के सदस्य नहीं होंगे। अगला टी-20 विश्व कप वर्ष 2024 में वेस्टइंडीज व अमेरिका में होना है और उसको देखते हुए भारतीय चयनकर्ताओं ने तैयारियां शुरू भी कर दी हैं। इस विश्व कप के बाद होने वाले न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुनी गई टीम में उसका असर भी देखने को मिल रहा है। क्या है टीम का भविष्य : जब से चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुनी गई टीम कोहली, दिनेश कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन आगे भी भारत के लिए इस प्रारूप में खेलते हुए नजर आएंगे? हां इतना तय है कि 37 साल के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक और 36 साल के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अब आगे इस प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते नजर नहीं आएंगे। दिनेश के पिता कृष्ण कुमार ने दैनिक जागरण को दिए साक्षात्कार में इस बात के संकेत दे भी दिए थे। उन्होंने कहा था कि पता नहीं इस विश्व कप के बाद फूंक कर कदम रखेगा बीसीसीआइ : जहां तक रोहित और विराट की बात है तो इस पर बीसीसीआइ फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। इतन तय है कि रोहित 2023 में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप तक कप्तान रहेंगे। विराट कोहली जिस फार्म में हैं, उसमें चयनकर्ताओं को सिर्फ भविष्य के नाम पर उन्हें बाहर करना बेहद कठिन काम होगा। वह भी तब जब आगे नई चयनसमिति आनी है। ये भी तय है कि विराट अगले साल का वनडे विश्व कप खेलेंगे। जब दैनिक जागरण ने बीसीसीआइ के एक पदाधिकारी से पूछा कि क्या रोहित को टी-20 कप्तानी से हटाया जा रहा है, क्या रोहित और विराट भविष्य में भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा नहीं होंगे? क्या अगला टी-20 विश्व कप भारतीय टीम नए कप्तान के नेतृत्व में खेलेगी? तो जवाब मिला रोहित को टी-20 कप्तानी से हटाने के बारे में बीसीसीआइ पदाधिकारियों के बीच अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। चयनकर्ताओं ने भी ऐसे कोई संकेत नहीं दिए हैं। वह हमारे तीनों प्रारूप के कप्तान हैं। बांग्लादेश में वह वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे। लगातार सीरीज खेलने के कारण न्यूजीलैंड दौरे पर कई खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, उसमें रोहित और विराट भी शामिल हैं। जहां तक कप्तानी या प्रारूप छोड़ने की बात है तो इस पर फैसला रोहित और विराट खुद करेंगे। जब उन्हें लगेगा तो वह छोड़ देंगे। वे दोनों बड़े क्रिकेटर हैं, उन्होंने भारतीय क्रिकेटर को बहुत कुछ दिया है, उन्हें पता है कि उन्हें कब तक किस प्रारूप में खेलना है।

# अनुष्का शर्मा ने शेयर की अनसीन फोटोज, तीसरी वाली देखकर तो आपकी भी छूट जाएगी हंसी






**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली आज अपना 34वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। सोशल मीडिया जहां किंग कोहली के लिए बर्थडे मैसेज से पट गया है वहीं पत्नी अनुष्का शर्मा ने उन्हें अपने अंदाज में बधाई दी है। अनुष्का ने विराट की जो फोटो शेयर की हैं उन्हें देखकर लोगों की हंसी छूट रही है। कुछ का कहना है कि इनकी बेटी वामिका की शक्ल हूबहू विराट से मिलती है। विराट कोहली को बर्थडे विश करते हुए अनुष्का ने 4 तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें किंग कोहली काफी क्यूट नजर आ रहा हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा- 'आज तुम्हारा बर्थडे है माय लव, तो जाहिर है, मैंने इस पोस्ट के लिए आपके सबसे अच्छे एंगल वाली तस्वीरें चुनी हैं.. आपके लिए हर रूप हर फॉर्म में प्यार' विराट कोहली' इसके साथ ही उन्होंने रेड हार्ट इमोजी भी पोस्ट किया। इसपर जवाब देते हुए विराट ने भी इस पोस्ट पर रिप्लाई किया। उन्होंने रेड हार्ट इमोजी के साथ-साथ हंसने वाला स्माइली भी पोस्ट किया। इसके अलावा राधिका आप्टे ने भी लाफिंग स्माइली पोस्ट किया। फैंस भी विराट को जन्मदिन की बधाइयां दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर अनुष्का अक्सर अपनी और विराट की प्यारी-प्यारी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। बता दें कि पिछले दिनों विराट कोहली के बेडरूम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। जिसके बाद ये कपल भड़क गया, इन दोनों ने ही इंस्टाग्राम पर वीडियो को री-पोस्ट करके लिखा कि- हम जानते हैं कि फैंस को अपने फेवरेट क्रिकेटर के बारे में जानने की एक्साइटमेंट होती है। लेकिन इस तरह से किसी की प्राइवेसी को ब्रीर्च करना कहां तक सही है। 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आएंगी अनुष्का वर्क फ्रंट की बात करें तो अनुष्का जल्द ही महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आने वाली है। उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्म साल 2023 में फरवरी महीने में रिलीज होगी। अनुष्का फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग में काफी बिजी हैं।

# कांतारा का प्रमोशन ऋषभ शेट्टी के साथ मिलकर खास अंदाज में करते नजर आए एबी डिविलियर्स


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांतारा फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ व्यापार कर रही है। अब इस फिल्म का प्रमोशन क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने किया है। फिल्म के अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्हें एबी डिविलियर्स के साथ एक रील वीडियो बनाते हुए देखा जा सकता है। वे काफी खुश नजर फिल्म की प्रभास और अनुष्का शेट्टी न भी तारीफ की थी। इसके चलते भी इस फिल्म के प्रति लोगों में उत्सुकता और जागरूकता बढ़ी है। इस फिल्म को कर्नाटक के लोग अपनी विरासत का हिस्सा भी मानते है। इस फिल्म ने अकेले कर्नाटक में ही रिकॉर्ड तोड़ व्यापार किया है। यह कमाई के मामले में अब केजीएफ चैप्टर 2 से अब कुछ ही दूरी पर है।




आ रहे है। यह एक मोंटाज वीडियो है। इसमें फिल्म के अलावा क्रिकेटर के बल्लेबाजी के शॉट्स भी नजर आ रहे है। ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म ने 250 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार विश्व स्तर पर किया है। इस फिल्म की कई लोगों ने सराहना भी की है। वहीं कई लोगों ने इस फिल्म को ऑस्कर अवार्ड के लायक भी बताया है। कांतारा फिल्म के लिए इसके पहले रजनीकांत ऋषभ शेट्टी की प्रशंसा कर चुके है। वहीं एबी डिविलियर्स ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी है। वह कई मैचों में शानदार प्रदर्शन कर चुके है। वह बेंगलोर की ओर से आईपीएल की मैचों में खेलते नजर आते थे। वहीं फिल्म कांतारा भी कन्नड़ में ही बनी है। इसके चलते एबी डिविलियर्स ने ऋषभ शेट्टी के साथ मिलकर फिल्म का प्रमोशन किया है। एबी डिविलियर्स की भारत में भी काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है। वह अक्सर कई ऐड में भी नजर आते है। वहीं वह आईपीएल के मैचों में धमाकेदार पारियां खेलने के लिए जाने जाते है।

# प्रियंका चोपड़ाने अमेरिका से भारत लौटने के बाद लिया घर के खाने का जमकर मजा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्हें घर के खाने का आनंद उठाते हुए देखा जा सकता है। इसमें नान और पनीर जैसी कई भारतीय बैठकर पोज देती हुई भी नजर आ रही है। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जा रही हैं। उनकी जल्द हॉलीवुड फिल्म लव अगेन आएगी। यह फिल्म 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




स्वादिष्ट डिशें नजर आ रही है। प्रियंका चोपड़ा 3 वर्ष बाद भारत लौटी है और वह घर के खाने को देखकर काफी उत्साहित है। उन्होंने तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा ने लिखा है, 'घर का खाना सबसे अच्छा होता है' प्रियंका चोपड़ा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'हर दिन, हर खाना, मेरे दोस्तों और परिवार वालों ने मुझे अच्छा खिलाया है। घर का खाना सबसे अच्छा होता है।' इसके अलावा उन्होंने कई लोगों को थैंक यू भी कहा है। तस्वीरों में कई भारतीय डिशें भी नजर आ रही है।एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोफे पर इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से दी थी। वह जल्द कई फिल्मों में भी नजर आनेवाली है। प्रियंका चोपड़ा ने एक वीडियो भी शेयर किया था। इसमें उन्हें मुंबई के समुद्र किनारे खड़े होकर पोज देते हुए देखा जा सकता है। वह समुद्र किनारे पोज देने के बाद गाड़ी में बैठती हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'मुंबई को मैंने बहुत मिस किया, अब मैं कार्यक्रम में भाग लेने जा रही हूं।' प्रियंका चोपड़ा ने निक जोनास से शादी कर ली है। वह इन दिनों अमेरिका में ही रहती हैं और अब उन्हें सरोगेसी के माध्यम से एक बेटी भी हुई है।

# अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज का छलका दर्द, कहा- शायद इस वजह से कभी न बन पाऊं मां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**लूज यू टू लव मी, स्लो डाउन, बैड लायर जैसे कई सुपरहिट सांग्स गाने वाली अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज ने हाल ही में अपनी नई डॉक्यूमेंट्री 'माई माइंड एंड मी' में कई चीजों से गुजरी, उसके बाद उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि उन्हें बायपोलर डिसऑर्डर है। अब हाल ही में एक्ट्रेस एंड सिंगर सेलेना ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना दर्द व्यक्त करते हुए बताया कि शायद वह कभी



अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले। कम उम्र में हॉलीवुड में बड़ी सफलता हासिल करने पॉप सिंगर सेलेना ने 2020 में इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन के दौरान अपने फैंस को ये बताया था कि वह बायपोलर डिसऑर्डर की बीमारी से जूझ रही है। सेलेना ने ये भी बताया कि वह भी मां नहीं बन पाए। फॉक्स न्यूज में छपी खबर के मुताबिक सेलेना हाल ही रोलिंग स्टोन के मैगजीन के कवर पेज पर नजर आई थीं। इस दौरान पॉप स्टार ने अपने फ्यूचर प्लान्स के बारे में काफी चीजें डिस्कस की। रिपोट्र्स के मुताबिक सेलेना ने ये भी बताया कि वह अपना परिवार बढ़ाना पसंद करेंगी, लेकिन ये शायद उनकी मेडिकेशन की वजह से डेंजरस हो सकता है। सेलेना ने इस बातचीत के दौरान उस समय को भी याद किया जब वह अपनी एक दोस्त से मिलने के लिए गई थीं, जोकि प्रेग्नेंसी के लिए काफी ट्राय कर रही थीं। अमेरिकन सिंगर ने बताया कि वह अपनी दोस्त को ऐसे देखकर वह अपनी कार में जाकर रोने लगीं, क्योंकि उन्हें ऐसा लगा कि वह कभी भी बच्चे को जन्म नहीं दे पाएंगी। सेलेना ने इस इंटरव्यू के दौरान ये भी बताया कि बायपोलर डिसऑर्डर की दवाई की वजह से बेबी पैदा करना उनके और बेबी दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है। आपको बता दें कि इससे पहले साल 2014 में पॉप सिंगर को ल्यूपस डिजीज के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां पर बाद में एक्ट्रेस की किडनी ट्रांसप्लांट की गई, जोकि उन्हें उनकी दोस्त ने दी थी। आपको बता दें कि अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज की हाल ही में एपल टीवी पर एक डॉक्यूमेंट्री रिलीज की गई है, जिसका टाइटल 'माई माइंड एंड मी' है, इस डॉक्यूमेंट्री में एक्ट्रेस की जिंदगी में आने वाले हर उतार-चढ़ाव को दर्शाया गया है।

# 27 साल बाद भी पर्दे पर छाई राज और सिमरन की लव स्टोरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान को बॉलीवुड का किंग ऑफ रोमांस कहा जाता है। एक्टर की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे को भले ही रिलीज हुए 27 साल बीत गए हो, लेकिन दर्शकों के गया था। फिल्म मेकर्स ने 27 साल बाद फिर से पर्दे पर राज और सिमरन की लव स्टोरी दिखाई थी। देशभर की तीन सबसे बड़े मल्टीप्लेक्स चैन पीवीआर, आईनॉक्स और सिनेपोलिस के कुछ सिनेमाघरों में शाहरुख खान कमाई की है। 27 साल बाद भी शाहरुख खान की इस फिल्म को देखने के लिए काफी भारी संख्या में फैंस शामिल हुए। यही वजह है कि फिल्म ने पीवीआर, आईनॉक्स और सिनेपोलिस के मल्टीप्लक्स पर शानदार कमाई की।




बीच इसे बड़े पर्दे पर देखना का क्रेज आज भी वैसा ही है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने फैंस को यह मौका दिया था। शाहरुख खान के 57वें जन्मदिन पर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे (ड्डथ्) को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया था। सिनेमा जगत में किंग खान का बर्थडे शानदार अंदाज में मनाया की एवरग्रीन फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे को रिलीज किया गया था। वहीं अब इस फिल्म के बॉक्स ऑफि सामने आया है। दोबारा रिलीज होने पर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने पर्दे पर 25 लाख रुपये की एक तरह जहां आज एक फिल्म की टिकट 400 से 500 रुपये में बिकती है। वहीं फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' के टिकट केवल 112 रुपये में बिकी थी। बता दें 20 अक्टूबर 1995 में शाहरुख खान और काजोल स्टारर 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे रिलीज हुई थी।

# अथिया के जन्मदिन पर सुनील शेट्टी ने खास अंदाज में किया विश, बेटी को मानते हैं जिंदगी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी एक्टर होने के साथ ही जाने माने बिजनेसमैन भी हैं। अपने करियर में सुनील ने कई हिट फिल्में दी हैं। आज भले ही वो एक्टिंग से दूरी बना चुके हैं, लेकिन फैंस उन्हें जा भी बेहद प्यार करते हैं। आज सुनील शेट्टी की लाडली बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी का



आज जन्मदिन है। अथिया आज अपना 30वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस दिन को खास बनाने में अथिया की फैमिली और फैंस ने कोई कसर नहीं छोड़ा। अथिया के जन्मदिन पर उनके पिता सुनील ने उन्हें खास अंदाज में विश किया। सुनील शेट्टी और उनकी बेटी अथिया शेट्टी एक खूबसूरत बॉन्डिंग रखते हैं। दोनों को अक्सर एक दूसरे के साथ सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट करते रखते हैं। वही आज बेटी के जन्मदिन पर सुनील ने उन्हें विश किया है। सुनील ने अथिया के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की है। इस तस्वीर के साथ सुनील ने कैप्शन में लिखा, 'मेरी जिंदगी जन्मदिन की शुभकामनाएं।' इसके साथ ही उन्होंने दिल वाली इमोजी के अलावा कई सारे हैशटैग फोरेवर बेबी, लव, फादर डॉटर, हार्ट, ब्यूटी और ब्रैट भी लगाए हैं। अथिया ने भी पिता की पोस्ट पर तुरंत रिएक्ट और लाल दिल वाले इमोजी के साथ 'लव यू' लिखा। सुनील शेट्टी और अथिया शेट्टी की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। तस्वीर में अथिया ने व्हाइट कलर का लहंगा पहना हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने माथे पर मैचिंग मांग टीका लगाया है। वहीं सुनील ब्लू कलर के आउटफिट में दिख रहे हैं। इस तस्वीर पर फैंस ही नहीं बल्कि स्टार्स के भी लगातार रिएक्शन आ रहे हैं। हर कोई कमेंट कर अथिया को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई दे रहे हैं।

# रुबीना दिलैक ने 31 किलो का लहंगा पहन कीलों पर किया जबरदस्त डांस, देखें वीडियो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस और बिग बॉस 14 की विनर रुबीना दिलैक इन दिनों डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला 10' में अपने डांस से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। एक के बाद एक शानदार परफॉर्मेंस से जजेज और फैंस को सरप्राइज करती नजर आ रही हैं। इस वीकेंड भी कुछ ऐसा ही होने वाला है। इस बार रुबीना शो में फोल्क बंजारन डांस हो रहा है। इस वीडियो में रुबीना लहंगा पहने, सिर पर मटका रख डांस करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं मटके में जलती आग और रुबीना के पैरों में बिछी कीलों ने सबको हैरान कर दिया। यकीन करना मुश्किल है कि रुबीना 31 किलो का लहंगा पहने शानदार डांस किया है। रुबीना जब जब डांस करती हैं तो माधुरी दीक्षित, नोरा फतेही और करण जौहर उन्हें

परफॉर्मेंस का तड़का लगाने वाली है। रुबीना शो 'झलक दिखला जा' में हर हफ्ते अपनी परफॉर्मेंस से सबको हैरान करती है। इस बार रुबीना शो में फोल्क बंजारन डांस परफॉर्मेंस का तड़का लगाने वाली है। दरअसल, शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर अपकमिंग एपिसोड का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमे एक्ट्रेस शानदार डांस करती नजर आ रही है। रुबीना का यह देख हर कोई हैरान चीयर करते नजर आते हैं। इस बार भी जजेज से कुछ ऐसा ही किया। वीडियो के बैकग्राउंड में उनकी आवाज को सुना जा सकता है। जज रुबीना से कहते हैं, 'क्या कमाल की एनर्जी है, कोरियोग्राफी, एक्सप्रेशंस सब कमाल के हैं।' इससे पहले भी सभी रुबीना को एक्सप्रेशन क्वीन का खिताब दे चुके हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में फैंस रुबीना के इस एक्ट के लिए काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।

# पलक मुच्छल की प्री-वेडिंग सेरेमनी में पहुंचे जैकी श्रॉफ, दुल्हन संग एक्टर ने भी लगवाई मेहंदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड गलियारों में इन दिनों शादी फंक्शन की शुरुआत हो चुकी हैं। सेलेब्स एक के बाद एक शादी के बंधन में बंध रहे हैं। इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री की फेमस सिंगर पलक मुच्छल (ईंत्व्शल्र्म्प्त्) अपनी शादी को लेकर सुर्खियों में हैं। सिंगर 6 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। वहीं 4 नवंबर को उनकी मेहंदी सेरेमनी और हल्दी सेरेमनी का आगाज हुआ। सिंगर के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार को उनकी मेहंदी सेरेमनी हुई। इस दौरान पलक का ग्लैमरस अवतार छा गया। मेहंदी पर पलक ने टील ग्रीन कलर का लंहगा पहना था। इस लुक और भी खूबसूरत बनाने के लिए उन्होंने इसपर सिल्वर नेकलेस और मांग टीका कैरी किया हुआ। सोशल मीडिया पर सिंगर की कई तस्वीरे और वीडियो वायरल हो



रहे हैं। पलक की शादी की रस्मों में एक्टर जैकी श्रॉफ भी शामिल हुए थे। इस दौरान जग्गू दादा ने अपने हाथ पर मेहंदी भी लगवाई। उन्होंने पलक संग कई तस्वीरे भी क्लिक करवाई। इस दौरान जैकी व्हाइट कुर्ते पजामे और पिंक कलर की जैकेट में नजर आए। बता दें पलक जाने माने सिंगर म्यूजिक डायरेक्टर मिथुन संग सात फेरे लेने वाली है। दोनों ने करीब 9 साल तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों को फेम आशिकी 2 के गाने से मिला है। इसके बाद दोनों की जुगलबंदी कई सॉन्ग में देखने को मिली है। पलक और मिथुन एक था टाइगर, प्रेम रतन धन पायो समेत कई हिट फिल्मों में गाने गा चुकी हैं। पलक मुच्छल की शादी इंदौर में हो रही हैं। मुंबई में वह एक ग्रैंड रिसेप्शन देंगी जिसमें कई बड़े स्टार्स शामिल हो सकते हैं।

# करण मेहरा संग अफेयर की खबरों पर चारू असोपा ने तोड़ी चुप्पी कहा- हां बनाई थी रील लेकिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस चारू असोपा और सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन के बीच की लड़ाई अब मीडिया के सामने आ गई है। आजकल दोनों पति-पत्नी एक दूसरे पर गंभीर लगा रहे हैं। इसी बीच राजीव ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि चारू थे और झूठी खबरें फैलाता थे। हमारे समाज में, जब भी कोई आदमी चाहता है एक महिला को चुप कराना चाहता है को वो उसके बारे में झूठ फैलाना शुरू कर देता है और उसकी छवि खराब करता है। राजीव ठीक नहीं कर रहे हैं।चारू ने आगे कहा, ' एक महिला के पास उसके चरित्र से



का अफेयर उनके को-एक्टर रह चुके करण मेहरा के साथ है, जब एक्ट्रेस ने पति पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। राजीव के इन इल्ज़ामों से चारू हैरान हैं, उनका कहना है कि ये सब उनकी इमेज खराब करने के लिए कहा जा रहा है। ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में, चारू ने कहा, 'यह बहुत साफ है कि राजीव मेरी छवि खराब करना चाहते हैं क्योंकि मैंने खुल कर बोलना शुरू कर दिया था। पहले, वह मुझ पर आरोप लगाता बढ़कर कुछ नहीं होता, वो जानता है और मैं इसे सुरक्षित रखने की कोशिश करुंगी। उसे लगा कि अगर ऐसे बिना नाम लिए इल्जाम लगाएगा तो कोई उसपर यकीन नहीं करेगा तो वो अब लोगों के नाम लेकर बोलने लगा है। उसने मेरी पूरी इंस्टाग्राम प्रोफाइल को स्क्रोल किया और एक रील जो करण के साथ है उसे लेकर उल्टी सीधे बातें करने लगा।' उन्होंने आगे कगा, 'वह जानता क्या है वह बेतरतीब ढंग से बात करता है, कोई भी इस पर विश्वास नहीं करेगा इसलिए उसने नाम लेने के बारे में सोचा, उसने मेरी पूरी इंस्टाग्राम प्रोफाइल को स्क्रोल किया और एक रील को दूसरे आदमी के साथ पाया जो शूट से जुड़ा था, इसलिए उसने उस पर आरोप लगाया। इसके बाद उन्होंने कहा, 'ये एक इवेंट का वीडियो है जिसमें हम दोनों को बुलाया गया था। मुझे इस बात की जानकारी भी नहीं थी कि वह भी इसका हिस्सा बनने जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।